मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
रांची, शनिवार ,04 अप्रैल 2026
संवत 2083, वैशाख कृष्ण पक्ष 01 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 199 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028
सांध्य दैनिक





4 ▸▸ देश के सर्वोच्च सदन में उठती समान शिक्षा की पुकार
ओटीटी ने दिये नए मौके : भूमि ◂◂ 6


# आपसी विवाद में बाप ने बेटे को चाकू घोंपकर मार डाला, गिरफ्तार

**संवाददाता**

**लातेहार:** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के उचवाबर गांव में पिता ने अपने ही पुत्र की हत्या चाकू मारकर कर दी। इस घटना में एक अन्य ग्रामीण भी घायल हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला?**

मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत उचवाबर गांव के निवासी बिनेश्वर परहिया और उसके पुत्र सीताराम परहिया के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बीती रात शराब के नशे में पिता और पुत्र में जबरदस्त झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि पुत्र सीताराम ने अपने पिता को जमीन पर पटक दिया। इस घटना से बौखलाए पिता बिनेश्वर परहिया ने धारदार चाकू से अपने बेटे पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बीच- बचाव करने आया ग्रामीण घायलः पिता-पुत्र की इस लड़ाई को देखकर वहां उपस्थित एक अन्य ग्रामीण सुदेश परहिया ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। बीच बचाव करने के क्रम में सुदेश के हाथ में भी धारदार हथियार से चोट लग गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल गांव पहुंची और युवक के शव को कब्जे में ले लिया है। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा हत्यारे पिता को भी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। ग्रामीण सुदेश परहिया ने बताया कि अचानक पिता और पुत्र के बीच झगड़ा होने की सूचना मिलने के बाद वह बीच बचाव करने गया था। दोनों का झगड़ा समाप्त करने के क्रम में उसके हाथ में भी चोट आ गई। इसी बीच पिता ने अपने पुत्र सीताराम पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। जिससे सीताराम की मौत हो गई।



## बारात लेकर आ रही स्कॉर्पियो पलटी,चालक की दर्दनाक मौत



चतरा : जिले के सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी के यादव होटल के समीप दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। बिहार के गयाजी जिले से बारात लेकर चतरा आ रहे स्कॉर्पियो वाहन के पलट जाने से चालक की मौत हो गई। जबकि चार अन्य को मामूली चोट लगी। घायलों का इलाज सदर अस्पताल चतरा में किया जा रहा है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। वहीं मृत चालक की पहचान बिहार राज्य के शेरघाटी थाना क्षेत्र के हेमजापुर निवासी रजा खान (25 वर्ष) के रूप में हुई है। चालक का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक बिहार के गया जिले के हेमजापुर, शेरघाटी निवासी 25 वर्षीय रजा खान (पिता– मोहम्मद मुश्ताक अली खान) शुक्रवार रात करीब 11 बजे बारात लेकर चतरा आ रहे थे। तभी अचानक एक अज्ञात वाहन के चकमे या उसे बचाने के प्रयास में बाराती गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि चालक रजा खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर चीख–पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग और होटल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे अन्य चार घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद रजा खान के शव को गाड़ी से बाहर निकाला। सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि एक बेलगाम वाहन को बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया था। पुलिस अब उस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों की तलाश कर रही है।

# पाक के लिए काम करने वाले चार आतंकी अरेस्ट, रेलवे को उड़ाने की थी तैयारी

**एजेंसी**

लखनऊः उत्तर प्रदेश एटीएस ने पाकिस्तान हैंडलर और कट्टरपंथी ग्रुपों के निर्देश पर देश में आगजनी, तोडफोड़ और आतंक फैलाने की साजिश रचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। एटीएस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल चार आतंकियों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इनमें दो मेरठ और दो नोएडा के रहने वाले हैं। गिरफ्तार सभी आतंकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स से लगातार संपर्क में थे। जांच में सामने आया कि गिरोह का मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल (मेरठ) था। वह अपने साथियों के साथ देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। आरोप है कि गिरोह रेलवे सिग्नल बॉक्स, प्रतिष्ठित संस्थानों, गैस सिलेंडर से भरे ट्रकों और अन्य महत्त्वपूर्ण सरकारी संपत्तियों को निशाना बनाने की योजना बना रहा था। एटीएस ने बताया कि आरोपी राजनीतिक व्यक्तियों और महत्त्वपूर्ण संस्थानों की रेकी कर उसकी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स तक पहुंचाते थे। जांच में पता चला कि गिरोह ने गाजियाबाद, अलीगढ़ और लखनऊ में कई प्रतिष्ठित स्थानों और रेलवे संपत्तियों की रेकी की थी।



पाकिस्तानी हैंडलर्स द्वारा गूगल लोकेशन भेजी जाती थी, जिसके आधार पर टारगेट तय किए जाते थे अभियुक्तों ने कुछ स्थानों पर छोटी आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया और उनके वीडियो बनाकर पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजे। बदले में क्यूआर कोड के माध्यम से उन्हें पैसे भेजे जाते थे। इस तरह यह नेटवर्क आर्थिक रूप से संचालित हो रहा था। दो अप्रैल, 2026 को गिरोह लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन और सिग्नल सिस्टम को आगजनी और विस्फोट से नुकसान पहुंचाने की तैयारी कर रहा था। कार्रवाई से पहले ही एटीएस ने मौके पर पहुंचकर साकिब उर्फ डेविल, विकास गहलावत उर्फ रौनक, लोकेश उर्फ पपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू और अरबाब को गिरफ्तार कर लिया।

# केरल में शशि थरूर के काफिले पर हमला गाली-गलौज के बाद गनमैन की बेरहमी से पिटाई

**एजेंसी**

**मलप्पुरम :** केरल के मलप्पुरम जिले में कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद शशि थरूर के काफिले पर हमले की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यह वारदात शुक्रवार रात उस समय हुई जब थरूर वांडूर के चेल्लितोडु इलाके में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। खबर है कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने न सिर्फ सांसद की गाड़ी को बीच रास्ते में रोका, बल्कि उनके गनमैन के साथ जमकर गाली-गलौज की और बाद में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि यह पूरा विवाद मामूली बात से



शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक हमले में बदल गया। बताया जा रहा है कि जिस समय शशि थरूर की कार ट्रैफिक में फंसी थी, उनके ड्राइवर ने आगे निकलने के लिए हॉर्न बजाया था। इस बात से वहां मौजूद कुछ लोग इस कदर भड़क गए कि उन्होंने ड्राइवर और सांसद पर हमला करने की कोशिश की। आरोप है कि हमलावरों ने काफी दूर तक शशि थरूर की कार का पीछा किया और फिर उसे आगे से घेरकर रास्ता रोक लिया। जब उपद्रवियों ने सांसद के साथ बदसलूकी करने की कोशिश की, तो सुरक्षा में तैनात गनमैन ने उन्हें बचाने के लिए बीच-बचाव किया, जिसके बाद उन लोगों ने गनमैन को ही अपना निशाना बना लिया और उसे पीटना शुरू कर दिया। इस हमले के तुरंत बाद गनमैन ने वांडूर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर एक्शन लेते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान कालीकावु निवासी उमर के रूप में हुई है। पुलिस ने न सिर्फ उमर को गिरफ्तार किया है, बल्कि दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इसके अलावा, पुलिस ने उन दो कारों को भी अपने कब्जे में ले लिया है जिनमें सवार होकर हमलावर आए थे।

### भारत में गैस की किल्लत के बीच ईरान से आई गुड न्यूज

# 44 हजार टन एलपीजी लेकर मुंबई की ओर बढ़ा विशाल जहाज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में चल रहे भीषण युद्ध और तनाव के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट पर कई कड़ी पाबंदियां लगा रखी हैं। इसके चलते दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का भारी संकट पैदा हो गया है, जिसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। देश के कई हिस्सों में एलपीजी के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। लेकिन गैस की इस भारी किल्लत के बीच भारत के लिए एक बहुत ही राहत भरी खबर सामने आई है। अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे तनाव के बावजूद ईरान ने भारतीय झंडे वाले एक और बड़े जहाज को अपने समुद्री इलाके से सुरक्षित निकलने की हरी झंडी दे दी है।



**44 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहा सातवां जहाज**

पश्चिम एशिया में युद्ध की शुरूआत के बाद से अब तक गैस का संकट टालने के लिए छह एलपीजी लदे जहाज भारत सफलतापूर्वक पहुंच चुके हैं। पिछले एक महीने के भीतर होर्मुज स्ट्रेट की खतरनाक और पाबंदी वाली सीमा को पार करने वाला यह सातवां भारतीय जहाज बन गया है। इस विशाल जहाज पर करीब 44,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी लदी हुई है। विशेषज्ञों को पूरी उम्मीद है कि इस भारी-भरकम खेप के भारत पहुंचते ही गैस संकट से जूझ रही आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और लंबी लाइनों से छुटकारा मिलेगा। मुंबई बंदरगाह की ओर तेजी से बढ़ रहा टैंकर ग्रीन सान्वीः जहाज ट्रैकिंग डेटा से मिली अहम जानकारी के अनुसार, फारस की खाड़ी में खड़ा एलपीजी टैंकर ग्रीन सान्वी शुक्रवार शाम को ईरान के समुद्री इलाके से होकर एक विशेष कॉरिडोर का इस्तेमाल करते हुए होर्मुज स्ट्रेट के पूरब में सुरक्षित पहुंच गया है। होर्मुज स्ट्रेट की मुश्किल सीमा को पार करने वाला यह जहाज अब पूरी रफ्तार के साथ भारत के मुंबई बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है। इसका सुरक्षित निकलना भारत की कूटनीतिक जीत के तौर पर भी देखा जा रहा है।

**17 और भारतीय जहाज कतार में, जल्द मिलेगी और बड़ी राहत**

पश्चिम एशिया में जारी इस गंभीर लड़ाई के बीच अभी भी भारत के कई तेल और गैस वाले जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं और ईरानी क्लीयरेंस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में 17 भारतीय जहाज रुके हुए हैं, जिनमें से दो प्रमुख जहाज ग्रीन आशा और जग विक्रम पूरी तरह से एलपीजी से लदे हुए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इन दोनों जहाजों को भी जल्द ही क्लीयरेंस मिल जाएगा और ये भारत की ओर रवाना होंगे। अगर ये जहाज भी समय पर पहुंच जाते हैं, तो देश में एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी।

### ड्राइवर ने खोया कंट्रोल ,कुएं में गिरी कार

# 6 बच्चों समेत एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक में बड़ा हादसा हो गया। शहर के शिवाजीनगर इलाके में शुक्रवार रात करीब 10 बजे सड़क किनारे बने कुएं में कार गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे डिंडोरी तालुका में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, शिवाजीनगर के राजे बैंक्वेट हॉल में वडजे क्लासेस की तरफ से एक मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग के लिए इंदौर (ताल। डिंडोरी) से दरगोड़े परिवार आया था। मीटिंग के बाद दरगोड़े परिवार अपनी मारुति एक्सएल कार से घर लौट रहा था, तभी ड्राइवर का कंट्रोल खो गया, जिससे कार सड़क किनारे पानी से भरे कुएं में गिर गई। इस दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।

हादसे की खबर मिलते ही तहसीलदार मुकेश कांबले, पुलिस इंस्पेक्टर भगवान माथुरे, चीफ ऑफिसर संदीप चौधरी पुलिस, फायर ब्रिगेड, डिजास्टर मैनेजमेंट टीम और लोकल लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। कुआं पानी से भरा हुआ था, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मुश्किलें आईं। आधी रात को दो क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया।



इस हादसे में कार से 8 लोगों की लाशें निकाली गईं, जबकि कुएं में डूबी एक लड़की की तलाश के लिए स्पेशल ऑपरेशन चलाया गया। बाद में उसकी भी लाश मिल गई।

एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। देर रात तक रेस्क्यू का काम जारी रहा। डिंडोरी पुलिस ने इस दिल दहला देने वाली घटना को दर्ज कर लिया है और आगे की जांच चल रही है।

## कार और बाइक की भीषण टक्कर, तीन की मौत, मची चीख-पुकार



**पटना :** बिहार के बांका जिले से बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही जान चली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह तारापुर–देवघर मुख्य मार्ग पर स्थित जिलेबिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच सीधी टक्कर हो गई। झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले कुछ श्रद्धालु सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में गंगा स्नान करने के बाद कार से देवघर पूजा करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार कावरिया पथ पर जिलेबिया मोड़ के समीप पहुँची, सामने से आ रही एक बाइक से उसकी भीषण भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 50 फीट नीचे जंगल में जा गिरी। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों व्यक्ति बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के बनरझोप गांव के निवासी थे। मृतकों की पहचान रुपेश कुमार साह (28), सुरेंद्र साह (46) और बालेश्वर साह (59) के रूप में हुई है। वहीं, कार में सवार घायलों में झारखंड के गढ़वा निवासी पुष्पा कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रवीन कुमार गुप्ता और खुशबू कुमारी के तौर पर की गई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ से दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। शुरूआती जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और मोड़ पर लापरवाही माना जा रहा है। एक ही गांव के तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही बनरझोप गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## ईंधन संकट के बीच भारत संग आया रूस, हिंदुस्तान को ज्यादा तेल-नैचुरल गैस सप्लाई करने का दिया प्रस्ताव

नई दिल्ली : पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर छाए ईंधन संकट के बीच भारत की मदद के लिए पुराना दोस्त, रूस आगे आया है। रूस ने भारत को ज्यादा तेल और नैचुरल गैस सप्लाई करने का प्रस्ताव दिया है। रूस के उप–प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने खुद भारत आकर मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस। जयशंकर से मुलाकात की है और ऊर्जा और उर्वरक जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर बातचीत की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की जानकारी भी साझा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि रूसी उप प्रधानमंत्री के साथ व्यापार, उर्वरक, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच आपसी सहयोग जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने पिछले दिसंबर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान हुए भारत–रूस शिखर सम्मेलन के नतीजों को लागू करने के लिए दोनों देशों के लगातार प्रयासों की भी सराहना की। वहीं मांतुरोव और विदेश मंत्री जयशंकर ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष सहित क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। वहीं हाल ही में अमरीका द्वारा प्रतिबंधों में छूट दिए जाने के बाद रूस एक बार फिर ऊर्जा के सबसे बड़े सप्लायर के रूप में उभरा है। अब रूसी बयान में कहा गया है कि मांतुरोव की भारतीय नेताओं के साथ बातचीत के दौरान तेल और गैस क्षेत्र में सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।

### नेता बन रहे पाकिस्तान को ईरान ने दिखाई हैसियत,

# मध्यस्थता ठुकराई, ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस का अगला चरण शुरू



**एजेंसी**

**तेहरान :** ईरान ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान की कोशिश को सिरे से खारिज कर दिया है। तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह पाकिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं करेगा। साथ ही, ईरान ने अमेरिकी मांगों को अस्वीकार्य बताते हुए संकट के जल्द समाधान की संभावनाओं को भी कमजोर बताया है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने खुद को एक संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की थी और दावा किया था कि वह ईरान और अमेरिका दोनों से संवाद स्थापित कर सकता है। हालांकि, ईरान और पाकिस्तान के बीच मौजूद गहरे अविश्वास के कारण तेहरान इस्लामाबाद को किसी भी बातचीत में भूमिका देने के पक्ष में नहीं है। इससे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल को बड़ा झटका लगा है।

इस बीच, एक सीमित सकारात्मक संकेत भी सामने आया है। रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान क्षेत्र के एक अन्य अहम खिलाड़ी कतर के जरिए संभावित मध्यस्थता पर विचार कर सकता है। उधर, क्षेत्रीय तनाव लगातार बढ़ रहा है। ईरानी सेना का दावा है कि उसने अमेरिका-इजराइल के खिलाफ अपने जवाबी अभियान की 93वीं लहर पूरी कर ली है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अनुसार, उसने कब्जे वाले इलाकों में इजराइली सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। संगठन ने पश्चिमी गैलिली, हाइफा, काफर कन्ना और क्रायोट जैसे क्षेत्रों में कथित रूप से इजराइली जमावड़ों और युद्ध समर्थन केंद्रों को निशाना बनाने का दावा भी किया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## छापेमारी में अंग्रेजी शराब की दर्जनों बोतल बरामद



**मुरी :** सिल्ली पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश अनुसार सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रामपुर के रामपुर चौक से बलराम साहू एवं प्रकाश साहू के होटल से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस संबंध में सिल्ली थाना प्रभारी के द्वारा सनहा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी नवीन कुमार के अनुसार सूचना मिलते ही मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी ने छापामारी दल का गठन किया एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब दोनो दुकानों से बरामद किया गया। इस छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, सशस्त्र बल के हवलदार विद्या प्रसाद, महेश्वर महतो, मुकेश कुमार सिंह, मानसचंद्र गगन समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## मवेशी को बचाने के दौरान लोहे से लदा ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त



**खूंटी :** खूंटी-कोलेबिरा स्टेट हाईवे-3 पर शुक्रवार को रनिया थाना क्षेत्र के रायकेरा गांव के पास लोहे से लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए। हालांकि, हादसे में ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रेलर ओडिशा के अंगुल से रामगढ़ के पतरातू स्थित जिंदल प्लांट के लिए लोहे का सामान लेकर जा रहा था। इसी दौरान रायकेरा गांव के पास अचानक एक गाय सड़क पर आ गई। मवेशी को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद ट्रेलर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से जा टकराया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। राहत की बात यह रही कि हादसा बड़ा रूप नहीं ले सका और वाहन में सवार चालक व उपचालक सुरक्षित रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर मवेशियों के अचानक सड़क पर आ जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

## बेनकाब हुआ भाजपा के महिला सशक्तिकरण का ढोंग : निलेश ज्ञाशेन




**चतरा :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ में नाबालिग बच्ची की नृशंस हत्या के मामले में चतरा झामुमो ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। जिला अध्यक्ष निलेश ज्ञासेन ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा के 'चाल-चरित्र' पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस घटना पर भाजपा सांप्रदायिक राजनीति कर रही थी, उसका मुख्य आरोपी भाजपा नेता भीम राम ही निकला। झामुमो जिला अध्यक्ष निलेश ज्ञासेन ने कहा कि भाजपा केवल जाति-धर्म की लड़ाई और विकास विहीन राजनीति करना जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ भाजपा महिला सशक्तिकरण का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ उनके नेता बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। ज्ञासेन ने हजारीबाग पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस ने मामले का पदार्फाश कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेमंत सरकार ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा दिलाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी, ताकि समाज में ऐसी पुनरावृत्ति न हो।

## पैथकैण्ड पैथोलॉजी का उद्घाटन



**चतरा :** शहर में पैथकैण्ड पैथोलॉजी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष अताउर्रहमान उर्फ बाबू भाई, कान्हाचट्टी प्रखंड प्रमुख इंदु कुमारी, मुखिया अंचला कुमारी एवं रमेश साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।पैथकैण्ड पैथोलॉजी के संचालक गौरव मिश्रा ने बताया कि यहां सभी प्रकार की आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

मुख्य अतिथि बिरजु तिवारी ने कहा कि आज के युवा भटकाव से निकलकर समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों से ऐसे संस्थानों को प्रोत्साहित करने की अपील की। इस अवसर पर उदय चंद्रवंशी सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# झारखंड आंदोलनकारियों को मान सम्मान व पेंशन दे सरकार: पुष्कर महतो

संवाददाता

**मुरी/ मझगांव :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पश्चिमी सिंहभूम, मझगांव विधानसभा स्तरीय बैठक आम बगीचा में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान ,अलग पहचान, बाल-बच्चों के लिए रोजी रोजगार व नियम नियोजन की सौ प्रतिशत गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार सरकार दे। साथ ही सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन पर शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए सभी को पेंशन और 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू करने हेतु गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाये। विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय प्रवक्ता मो बारीक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का जो सरकार साथ देगी झारखंड आंदोलनकारी भी उसी का साथ देंगे। झारखंड आंदोलनकारियों की जायज मांगों पर सरकार स्वतः संज्ञान ले। झारखंड आंदोलनकारी अपनी पहचान को मिटने नहीं देगें । अपने स्वाभिमान की रक्षा की लड़ाई के लिए एक और तैयारी करेंगे। झारखंड आंदोलनकारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोमनाथ चातर ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम के लोगों ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है लेकिन आज सभी




आंदोलनकारी यहां उपेक्षित है। सरकार सभी को मान - सम्मान एवं सम्मान पेंशन दे। कार्यक्रम संयोजक मो शाहिद अंसारी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी इस राज्य के गौरव है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आंदोलनकारी के पुत्र हैं। हेमंत सोरेन से बेहतर आंदोलनकारी का हर दूसरा कौन जानेगा। सभी आंदोलनकारियों को सम्मान दे- सबको पेंशन दे। कार्यक्रम का संचालन मो जारिफ धन्यवाद ज्ञापन रविन्द्र पोलाई ने की। मौके पर अहमद हुसैन, मोहम्मद इस्माइल, समुचरणजराई, पानमति तिरिया, प्रमिला तिरिया ,मो तोफिक अंसारी , सुलेमान हेंब्रम, शब्बीर अहमद, जाकिर हुसैन शकील अहमद, नंदकिशोर तिरिया, मोरंग सिंह जराई,पवित्र जराई, मोहम्मद इस्लामुद्दीन, सुरेंद्र पिंगुवा,सुवरनो हेंब्रम, सनातन पिंगुवा,प्रकाश पिंगुवा,नंदकिशोर पिंगुवा, निराकार पिनगुवा सहित अन्य बड़ी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे। अंत में धनंजय पिंगुवा एवं अकील अंसारी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# राजद का रांची में शक्ति प्रदर्शन कल

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में जुट गई है। पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 अप्रैल को रांची के कार्निवल हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव शामिल होंगे।

कार्यकर्ता तैयारियों में जुटेः तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। उनके स्वागत को लेकर पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश यादव रांची पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जय प्रकाश यादव ने बताया कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार मजबूती से



काम कर रही है, जिसमें राजद की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद यह तेजस्वी यादव का पहला झारखंड दौरा है।

'सदस्यता अभियान को मिलेगी गतिः इस दौरान तेजस्वी यादव संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी नेताओं के साथ विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रेस वार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए जय प्रकाश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा धर्म और जाति की राजनीति करती है और विभिन्न राज्यों में उसकी स्थिति कमजोर हो रही है। उन्होंने बिहार की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वहां अपराध बढ़े हैं और चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी कर एनडीए ने सत्ता हासिल की।

### संत तेरेसा चर्च में हुई विशेष प्रार्थना सभा

# मानव कल्याण के लिए प्रभु यीशु का हुआ था जन्म : फादर

संवाददाता

**चतरा :** स्थानीय संत तेरेसा चर्च परिसर में गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फादर नोबोर कुजूर ने सामूहिक प्रार्थना कर किया। तत्पश्चात मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। फादर ने ईसाई धर्मावलंबियों को मानवता का पाठ पढ़ाया। कहा कि जन कल्याण के लिए प्रभु यीशु ने जन्म लिया था। दुनिया के लोगों का पाप से छुटकारा के लिए प्रभु यीशु ने अपना बलिदान क्रुश पर चढकर दिया। उनका एक मात्र उद्देश्य संसार में पाप कम करना था। गुड फ्राइडे मानवता, प्रेम, आदर और क्षमा का संदेश देता है। उसके बाद प्रभु यीशु को क्रूस पर लटकाने से पूर्व उनके साथ की घटित घटनाओं पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। फादर नोबोर कुजूर ने बताया कि मानव के कल्याण के लिए प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु को फ्राइडे के दिन ही कलवारी पहाड़ी पर क्रूस से लटकाया गया था। क्रूस पर लटकाए जाने से पूर्व उनके शरीर पर चौदह स्थानों



पर विभिन्न प्रकार की यातनाएं दी गई थी। जिसमें प्रमुख व अमानवीय यातनाएं दसवें तथा ग्यारहवें स्थान पर उनका कपड़ा उतारा जाता है। 12वें स्थान पर उन्हें क्रूस पर चढ़ा दिया जाता है। 13वें स्थान पर प्रभु यीशु को क्रूस से उतारा जाता है और 14वें स्थान पर उन्हें कब्र पर रखा जाता है। फादर ने बताया कि मृत्यु के तीन दिन बाद यानी प्रभु यीशु पुनः जीवित हो गए थे। जिसकी खुशी में ईस्टर पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु ने अपनी जान देकर भी मानव जाति की रक्षा की थी। तभी मानव जाति स्वतंत्र, आजाद व जीवित है। इसी खुशी में हम गुड फ्राइडे मनाते है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में इसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

**रांची :** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान चतरा पहानटोली निवासी करम महतो (52) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे टाटीसिल्वे स्टेशन में ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे वे फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन आने की सूचना पर पटरी बदलने के लिए इंटरलॉकिंग की जा रही थी। उसी क्रम में उनका पैर पटरी में फंस गया और वे ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, भाई की मौत, बहन गंभीर



### मृतक अपनी शादी का कार्ड छपवाने के लिए आ रहा था सिमरिया

चतराः जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित मूर्वे स्टेडियम के पास तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में एक युवती गंभीर रूप से घायल है। समाजसेवी तबरेज अंसारी और ग्रामीणों की मदद से घायल युवती को सिमरिया अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। चिकित्सकों ने घायल युवती की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे कार्य में लगी हाइवा मिट्टी की ढुलाई कर रहा था। इसी बीच टंडवा थाना के पदुमपुर लेम्बुआ गांव निवासी मृतक चंदन राणा अपनी बहन नेहा कुमारी के साथ सिमरिया शादी का कार्ड छपवाने के लिए घर से निकला था। मूर्वे रेलवे साइडिंग के पास आते हीं तेज रफ्तार मिट्टी ढुलाई कर रही हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई और बहन नेहा बुरी तरह घायल हो गई। मृतक चंदन की शादी तय हो गई थी।जिसे लेकर शादी कार्ड छपवाने के लिए दोनों भाई बहन घर से निकले थे। क्या पता था कि एक हाइवा दूल्हा बनने के पहले ही उसे मौत के हवाले कर देगा। शहनाई की जगह क्रंदन से गांव मातम में तब्दील हो गया है।

## डीएवी हेहल में इंडक्शन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

रांची : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्राथमिक शाखा में सत्र 2026-27 के अंतर्गत नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के स्वागत हेतु इंडक्शन कम ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को डीएवी संस्थान की विचारधारा, शैक्षणिक प्रणाली तथा सहगामी गतिविधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार हवन के साथ हुआ, जिसमें प्राचार्य, अभिभावकों एवं नन्हे विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिसमें गणेश वंदना, स्वागत गीत तथा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कव्वाली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका शालिनी प्रसाद ने पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के विजन, मिशन एवं पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेनू कुमारी ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक (झारखंड जोन-जी) बिपिन राय ने डीएवी की समृद्ध वैदिक परंपराओं एवं मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से विद्यालय के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग एवं विश्वास के प्रति आभार भी व्यक्त किया। अंत में वरिष्ठ शिक्षक एस.एम. अजीम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल वाटिका की शिक्षिकाओं–रंगना बनर्जी, सुनीता सिंह, प्रीति कुमारी, सुष्मिता शर्मा एवं रंजीता कुमारी–की विशेष भूमिका रही। यह आयोजन नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और अभिभावकों एवं विद्यालय के बीच सुदृढ़ संबंध स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# जंगल में मिला पशु चिकित्सालय कर्मी योगेंद्र यादव का शव, सनसनी

### हत्या की आशंका से इलाके में हड़कंप

### शाम को ऊंटा मोड़ के लिए निकले थे योगेंद्र, सुबह झाड़ियों में मिली लाश

संवाददाता

**चतरा :** जिले से एक बेहद चौंकाने वाली और दर्दनाक खबर सामने आ रही है। सदर थाना क्षेत्र के तुड़ाग गांव के पास एक सरकारी पशु चिकित्सालय कर्मी का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान गंधरिया गांव के बहराकोचा निवासी 58 वर्षीय योगेंद्र यादव के रूप में हुई है। शुक्रवार की शाम घर से टहलने निकले योगेंद्र जब सुबह तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन अंत बेहद दुखद रहा। क्या यह महज एक हादसा है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश?चतरा जिले के तपेज स्थित तुड़ाग गांव आज सुबह उस वक्त दहल उठा, जब महुआ चुनने गए ग्रामीणों ने जंगल के रास्ते में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह फैल गई। मृतक की पहचान चर्चित पशु चिकित्सालय कर्मी योगेंद्र यादव के रूप में हुई। योगेंद्र यादव गांधारिया क्षेत्र के एक सम्मानित व्यक्ति थे और उनकी इस तरह संदिग्ध मौत ने ग्रामीणों को आक्रोशित कर दिया है। मौके पर पहुंचे जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, देवरिया मुखिया कृष्णा दुबे और पूर्व मुखिया कुमार विवेक समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने इसे सोची-समझी हत्या करार दिया है।मृतक



के भाई उमेश कुमार यादव ने बिलखते हुए बताया कि योगेंद्र यादव कल छुट्टी पर थे। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे उन्होंने परिवार से कहा कि वे ऊंटा मोड़ की तरफ जा रहे हैं। लेकिन जब देर रात तक वे वापस नहीं आए, तो परिजनों के हाथ-पांव फूल गए। पूरी रात चतरा और आसपास के इलाकों में खोजबीन की गई, लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं मिला। सुबह देवरिया मुखिया कृष्णा दुबे ने फोन कर जानकारी दी कि जंगल के रास्ते में एक शव मिला है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वह शव योगेंद्र यादव का ही था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ संदीप सुमन और सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव के पास से मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसकी कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं। एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है, इसलिए साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के लिए फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस हर उस एंगल से जांच कर रही है जिससे यह साफ हो सके कि योगेंद्र यादव वहां कैसे पहुंचे और उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।योगेंद्र यादव की मौत ने चतरा में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों की मांग है कि दोषियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाए। अब सबकी नजरें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक टीम की जांच पर टिकी हैं। क्या पुलिस इस गुत्थी को सुलझा पाएगी?

# बदला मौसम का मिजाज : 9 अप्रैल तक रांची सहित कई जिलों में आंधी- बारिश का अलर्ट

संवाददाता



**रांची:** झारखंड में एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 4 अप्रैल से राज्यभर में मौसम अस्थिर रहेगा। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन और बढ़ी हुई नमी के कारण कई जिलों में बारिश, गरज और तेज हवा चलने की संभावना है।

4 और 5 अप्रैल को बारिश और आंधीः 3 अप्रैल को मौसम सामान्य और शुष्क रहेगा, लेकिन 4 अप्रैल से बदलाव शुरू होगा। इस दिन रांची, खूंटी, गुमला, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह और धनबाद में दोपहर बाद बादल छाने के साथ तेज हवा, गरज और बारिश हो सकती है। 5 अप्रैल को पूरे राज्य में गरज के साथ बारिश और वज्रपात का खतरा रहेगा। इस दौरान 40- 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। मौसम विभाग ने इन दोनों दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

**6 से 8 अप्रैल तक हल्की से मध्यम बारिशः** 6 और 7 अप्रैल को आंशिक बादल छाये रहेंगे और कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 8 अप्रैल को पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार को छोड़कर बाकी जिलों में गरज के साथ बारिश के आसार हैं। कुल मिलाकर अगले पांच दिनों तक मौसम बदलता रहेगा और गर्मी से राहत मिलेगी। अगले दो दिनों में तापमान 2झ3 डिग्री तक बढ़ सकता है। इसके बाद बारिश और बादलों की वजह से 3- 5 डिग्री तक गिरावट आएगी।

गुरुवार को जमशेदपुर और मेदिनीनगर में अधिकतम तापमान 39।4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रांची में 35।4 डिग्री रहा। जमशेदपुर में दिनभर तेज धूप और उमस रही, लेकिन शाम को अचानक बादल छा गये और तेज हवा चली। इससे मौसम सुहावना हो गया।

5 से 8 अप्रैल के बीच यहां रोज बारिश होने की संभावना है। 5 और 6 अप्रैल को 50-60 किमी प्रति घंटे की तेज हवा चल सकती है। गिरिडीह में तापमान बढ़कर 39 डिग्री तक पहुंच गया है। दोपहर में गर्म हवाएं चल रही हैं, जिससे लोग परेशान हैं। लोग अब छाता, गमछा, कूलर और एसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। नोवामुंडी में देर रात अचानक मौसम बदला और हल्की बारिश हुई। तेज हवा के कारण बिजली भी कुछ समय के लिए बाधित रही। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ के नीचे या बिजली के खंभों के पास खड़े न हों। किसानों और आम लोगों से अपील की गई है कि वे मौसम की जानकारी पर नजर रखें और सावधानी बरतें।

# झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पंचवर्षीय चुनाव की मतगणना जारी, गड़बड़ी का आरोप खारिज

संवाददाता




**रांचीः** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पंचवर्षीय चुनाव की मतगणना 20 मार्च से लगातार जारी है। शुक्रवार यानी 3 अप्रैल को लगभग सभी जिला बार संघों में हुए मतदान के प्रथम प्राथमिकता के वोटों की गिनती पूरी कर ली गई है। हालांकि इन वोटों की जांच में दो दिन का समय लगेगा, जिसके बाद द्वितीय वरीयता के वोटों की गिनती शुरू की जाएगी। गड़बड़ी के आरोपों को किया गया खारिजः चीफ रिटर्निंग ऑफिसर जस्टिस अंबुज नाथ ने चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। गजेंद्र कुमार, अजय कुमार, नेहा ठाकुर और अनामिका शर्मा द्वारा उठाए गए आरोपों को निराधार बताया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतें चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाली थीं और इस संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए मामला स्टेट बार काउंसिल को भेज दिया गया है। जांच में नहीं मिली कोई अनियमितताः इस मामले की जांच सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व सेवानिवृत्त जिला जज शिवनारायण सिंह को सौंपी गई थी। उन्होंने मतदान केंद्र के रजिस्टर, कुल मतदान और बैलेट पेपर लेने के समय किए गए हस्ताक्षरों का मिलान किया। जांच रिपोर्ट में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं पाई गई, जिसके आधार पर सभी आरोपों को खारिज कर दिया गया। अजय कुमार के दावे पर भी नहीं मिला प्रमाणः अजय कुमार ने एक भी वोट नहीं मिलने का मामला उठाते हुए कहा था कि उनके भतीजे ने उन्हें एक वोट दिया था, लेकिन जब इसकी जांच के लिए भतीजा का नाम मांगा गया, तो उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया।

# रांची से अयोध्या और लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू, छह अप्रैल से मुंबई के लिए ट्रेन

संवाददाता



**रांचीः** रांची के यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर रही कि रांची से अयोध्या और लखनऊ की सीधी यात्रा अब संभव हो गई।

शुक्रवार से आनंद विहार टर्मिनल-पुरुलिया-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) का नियमित परिचालन शुरू हो गया।

शुक्रवार को पुरुलिया से चलकर यह ट्रेन संध्या 7:35 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से अयोध्या, लखनऊ और आनंद विहार टर्मिनल जाने वाले यात्रियों ने इस ट्रेन से यात्रा की।

हालांकि, पहले दिन ट्रेन में अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली, लेकिन इस सेवा का यात्रियों को लंबे समय से इंतजार था।

ट्रेन संख्या 14022 आनंद विहार टर्मिनलझपुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार टर्मिनल से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 7:20 बजे रांची पहुंचेगी। यहां 10 मिनट के ठहराव के बाद 7:30 बजे आगे के लिए रवाना होगी।


वहीं, ट्रेन संख्या 14021 पुरुलिया-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) प्रत्येक शुक्रवार को पुरुलिया से प्रस्थान कर शाम 7:35 बजे रांची पहुंचेगी और आगे आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी।

छह अप्रैल से हटिया- लोकमान्य तिलक टर्मिनसः ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 08609/08610 हटिया - लोकमान्य तिलक टर्मिनस - हटिया साप्ताहिक समर स्पेशल का परिचालन होगा।

08609 हटिया - लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल छह अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक सोमवार को हटिया से प्रस्थान करेगी।

ट्रेन संख्या 08610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - हटिया साप्ताहिक स्पेशल आठ अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी।

## टर्किश एयरलाइंस ने रोमानिया के लिये शुरू कीं उड़ानें




**रांचीः** टर्किश एयरलाइंस ने अपने वैश्विक नेटवर्क का विस्तार करते हुए रोमानिया के टिमिशोआरा शहर के लिये नई उड़ान सेवा शुरू की है। इससे अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिला है। यह उड़ानें सप्ताह में पांच दिन संचालित होंगी। इसके साथ ही देश में कुल साप्ताहिक उड़ानों की संख्या बढ़कर 47 हो गई है। कंपनी के सीईओ बिलाल एक्शी ने कहा कि रोमानिया पूर्वी यूरोप का एक महत्वपूर्ण बाजार है। यह नई सेवा यात्रियों को इस्तांबुल के माध्यम से वैश्विक नेटवर्क से बेहतर जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कनेक्टिविटी से व्यापार और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसका लाभ भारत के साथ-साथ झारखंड जैसे राज्यों के यात्रियों को भी मिलेगा। जो अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए बेहतर विकल्प तलाश रहे हैं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : झारखंड का जलवा तीरंदाजी में ओवरऑल चैंपियन, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

संवाददाता



**रांचीः** छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया है। खासकर तीरंदाजी में झारखंड ने 3 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी झारखंड तीरंदाजी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में झारखंड के 107 खिलाड़ियों की भागीदारीः 25 मार्च से 3 अप्रैल तक रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड के कुल 107 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, तीरंदाजी, कुश्ती, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और महिला फुटबॉल जैसे सात खेलों में भाग लिया। राज्य के खिलाड़ियों ने कुल 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य समेत 35 पदक जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। कर्नाटक 23 स्वर्ण के साथ पहले और ओडिशा 21 स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

**महिला रिकर्व टीम को मिली हार**

: तीरंदाजी में विश्व चैंपियन कोमालिका बारी ने रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में गुजरात की भागोरा भार्गवी को 6-4 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं पुरुष रिकर्व टीम ने ओडिशा के खिलाफ कड़े मुकाबले में टाइब्रेकर के जरिए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस टीम में दिनेश मुर्मू, कृष्णा पिंगुआ और लखन बोदरा शामिल रहे। महिला रिकर्व टीम को नागालैंड के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**एथलेटिक्स में झारखंड ने 9 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक**

जीतकर दबदबा कायम रखा, जबकि कुश्ती में 4 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक मिले। हॉकी में पुरुष टीम ने रजत और महिला टीम ने कांस्य पदक जीता। महिला फुटबॉल टीम ने भी रजत पदक हासिल किया। भारोत्तोलन और तैराकी में भी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर योगदान दिया। मलखंभ प्रदर्शनी प्रतियोगिता में झारखंड महिला टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सहित कई खेल अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

**4-5 अप्रैल को रग्बी स्टेट चैंपियनशिप**

इधर, झारखंड में रग्बी खेल को बढ़ावा देने के लिए 8वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सीनियर रग्बी चैंपियनशिप 4 और 5 अप्रैल को सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड, चाईबासा में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज असदक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में रग्बी खेल को मजबूत करना और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देना है। प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को स्टेट कैंप में बुलाया जाएगा और बेहतर प्रदर्शन करने वालों को नेशनल रग्बी चैंपियनशिप के लिए चुना जाएगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2026

# राज्यपाल ने पोस्टर का किया विमोचन

✔ स्थानीय फिल्मकारों को मिलेगा वैश्विक मंच

संवाददाता



**रांचीः** चित्रपट झारखंड की ओर से 26, 27 एवं 28 जून 2026 को सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर, रांची में फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस फिल्म महोत्सव का मुख्य उद्देश्य झारखंड के युवा फिल्म निर्माताओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना।

साथ ही क्षेत्रीय सिनेमा को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से झारखंड के फिल्मकार अपनी कला के जरिए राज्य की ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर सकेंगे।

चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2026 : इसे लेकर शुक्रवार को रांची के लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2026 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद, विभाग संपर्क प्रमुख भानु जालान, महानगर प्रचार प्रमुख स्निग्ध रंजन, चित्रपट झारखंड के अध्यक्ष नंद कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष सुमित मित्तल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस फिल्म महोत्सव में कुल 2,70,000 का नकद पुरस्कार रखा गया है। फिल्मों के लिए 12 विषय निर्धारित किए गए हैं। इस फिल्म महोत्सव में केवल झारखंड राज्य के फिल्म निर्माता ही अपनी फिल्में जमा कर सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसमें विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायत के तहत वे किसी भी श्रेणी में मात्र 250 शुल्क देकर अपनी फिल्म जमा कर सकते हैं।

सभी भाषाओं में फिल्में स्वीकार : झारखंड में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में फिल्में स्वीकार की जाएंगी। हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं की फिल्मों के लिए हिंदी अथवा अंग्रेजी में उपशीर्षक अनिवार्य होगा। एक जुलाई 2023 के बाद निर्मित फिल्में ही मान्य होंगी। फिल्म जमा करने की अंतिम तिथि रविवार, 7 जून 2026 निर्धारित की गई है, जबकि चयनित फिल्मों की सूची 15 जून 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

फिल्मों की श्रेणियां

लघु फिल्म (अधिकतम 20 मिनट),वृत्तचित्र (अधिकतम 30 मिनट),परिसर फिल्म (अधिकतम 15 मिनट; इसमें केवल लघु फिल्म ही मान्य होगी)

**पंजीकरण शुल्कः** लघु फिल्म -500 रुपये, वृत्तचित्र - 500 रुपये ,परिसर फिल्म - 250 रुपये

फिल्मों के लिए निर्धारित विषय

झारखंड का इतिहास, जनजातीय समाज, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, युवा और नशामुक्ति, नागरिक कर्तव्य, खेल और प्रतिभा, पलायन, डिजिटल भारत व तकनीकी परिवर्तन और भ्रष्टाचार व पारदर्शिता

## अंजुमन इस्लामिया को बचाने के लिए निष्पक्ष चुनाव की अपील

**रांची (गुलाम शाहिद):** समाजिक कार्यकर्ता और अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदस्य अकीलुररहमान ने अंजुमन इस्लामिया से जुड़े जिम्मेदार नागरिकों और समाज के जागरूक लोगों से यह अपील की है कि वे गिरोहबंदी और निजी स्वार्थ के खिलाफ खुलकर आवाज उठाएं। यदि समय रहते इस प्रवृत्ति का विरोध नहीं किया गया, तो स्वार्थी तत्व और अधिक सक्रिय हो जाएंगे, जिससे संस्था और समाज दोनों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। आज आवश्यकता है कि अंजाम की परवाह किए बिना, पूरी मजबूती के साथ गुटबाजी के खिलाफ संघर्ष किया जाए। यह सच है कि इस राह में मुश्किलात सामने आ सकती हैं, लेकिन कौम को इसके लिए तैयार रहना होगा। यही संघर्ष हमें मौलाना आजाद के दिखाए गए आदर्शों और सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाएगा। यदि हम अब भी खामोश रहे, तो अंजुमन इस्लामिया की बबार्दी से इनकार नहीं किया जा सकता। कुछ ऐसे लोग, जो विभिन्न भेष में हमारे बीच मौजूद हैं, समाज में विभाजन और गिरोहबंदी को बढ़ावा दे रहे हैं। उनकी सही पहचान केवल निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के माध्यम से ही संभव है।अकिलुररहमान ने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि वर्तमान ओहदेदार आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ बैठें और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक योग्य और अनुभवी चुनाव संयोजक का चयन करें, जो पूरी चुनावी प्रक्रिया को सही और पारदर्शी ढंग से संचालित कर सके।



# गुड फ्राइडे : आराधना सभा व क्रूस यात्रा



संवाददाता

**मांडरः** संत अलोइस कैथोलिक चर्च परिसर में शुक्रवार को गुड फ्राइडे को लेकर विशेष आराधना सभा आयोजित की गयी। सभा में मसीही विश्वासियों ने विशेष प्रार्थना की और प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया। मुख्य अनुष्ठाता फादर आलोक टोप्पो ने अनुष्ठान कराया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि गुड फ्राइडे के ही दिन मानव जाति की मुक्ति के लिए यीशु मसीह क्रूस पर चढ़ाये गये थे। वह मानव जाति के प्रेम के प्रतीक थे। इस दौरान प्रभु यीशु के क्रूस यात्रा की झांकी भी निकाली गयी। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर बिपिन कंडुलना, फादर जॉन शैलेंद्र टोप्पो, फादर सुधीर केरकेट्टा, फादर पीटर सांगा, फादर संजय, फादर अन्थोनी ब्रूनो, फादर पॉल लकड़ा, नेलशन तिर्की, पित्तरूस खलखो, कोयर ग्रुप की संचालिका सिस्टर विवियाना एक्का, सिस्टर सरोज, सिस्टर मेरी तिर्की, सिस्टर अलेक्सिया, सिस्टर मेरी मगदली, महिला सभा नेत्री कारमेला बारबरा सहित बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग मौजूद थे।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## धर्म, अंधविश्वास और अपराध जिम्मेदारी तय करने का समय

भारतीय समाज में धर्म और आस्था की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। सदियों से लोग अपने जीवन के सुख-दुख, समस्याओं और अनिश्चितताओं के समाधान के लिए धार्मिक व्यक्तियों, गुरुओं और ज्योतिषियों की शरण में जाते रहे हैं। आस्था अपने आप में एक निजी और सम्मानजनक विषय है लेकिन जब इसी आस्था का दुरुपयोग करके अपराधों को अंजाम दिया जाता है तो यह केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ स्वयंभू बाबा, साधु या ज्योतिषी अपने कृत्यों को ह्लधार्मिक प्रक्रियाह्व या ह्लआध्यात्मिक उपचारह्व का नाम देकर महिलाओं के साथ शोषण, ठगी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देते पाए गए हैं। इन घटनाओं ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि समाज की सोच और जागरूकता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाया है। सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि किसी भी प्रकार का यौन शोषण या बलात्कार, चाहे किसी भी नाम या बहाने से किया जाए, जघन्य अपराध है। ह्लधार्मिक विधिह्व, ह्लउपचारह्व या ह्लआध्यात्मिक क्रियाह्व जैसे शब्दों का प्रयोग करके ऐसे कृत्यों को सही ठहराना न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि कानून की दृष्टि में पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह एक सुनियोजित तरीका होता है, जिसके माध्यम से अपराधी अपने प्रभाव, पद और लोगों की आस्था का लाभ उठाकर उन्हें भ्रमित करता है। यहाँ एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है-क्या केवल अपराधी ही दोषी है या पीड़ित और उसका परिवार भी किसी हद तक जिम्मेदार हैं? यह सवाल समाज में अक्सर उठाया जाता है और कई बार लोग पीड़ितों पर ही उंगली उठाने लगते हैं। लेकिन यह दृष्टिकोण न केवल संवेदनहीन है बल्कि समस्या के मूल कारणों को समझने में भी बाधा बनता है। कई मामलों में देखा गया है कि ऐसे तथाकथित धार्मिक व्यक्ति पहले लोगों का विश्वास जीतते हैं। वे खुद को चमत्कारी शक्तियों से युक्त बताते हैं, समस्याओं का त्वरित समाधान देने का दावा करते हैं और धीरे-धीरे अपने अनुयायियों पर मानसिक और भावनात्मक नियंत्रण स्थापित कर लेते हैं। इस प्रक्रिया में वे पीड़ितों को इस हद तक प्रभावित कर देते हैं कि वे सही और गलत के बीच अंतर करने में असमर्थ हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कोई महिला विरोध नहीं करती तो इसे सहमति मान लेना गंभीर भूल होगी।

इसके अलावा, सामाजिक दबाव, शर्म और बदनामी का डर भी एक बड़ा कारण होता है, जिसके चलते पीड़ित खुलकर सामने नहीं आ पाते। हमारे समाज में आज भी यौन अपराधों को लेकर पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति मौजूद है। ऐसे में कई महिलाएँ चुप रहना बेहतर समझती हैं। यह चुप्पी अपराधियों के लिए एक ढाल बन जाती है और वे अपने कृत्यों को बार-बार दोहराते रहते हैं।

परिवार की भूमिका को भी पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह सच है कि अगर परिवार अपने सदस्यों के प्रति अधिक सतर्क और जागरूक हो तो कुछ हद तक ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि हर व्यक्ति, विशेषकर वयस्क, अपने निर्णय स्वयं लेने का अधिकार रखता है। कई बार ये मुलाकातें परिवार की जानकारी के बिना होती हैं और कई बार परिवार भी उसी अंधविश्वास का हिस्सा बन चुका होता है। इसलिए केवल परिवार को दोषी ठहराना भी एक सरलीकृत और अधूरा दृष्टिकोण होगा। अब सवाल उठता है कि क्या देश में मौजूद सभी बाबा और ज्योतिषी ऐसे ही हैं? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से ह्लनहींह्व है। हर पेशे में अच्छे और बुरे लोग होते हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब कुछ लोगों के कृत्य पूरे वर्ग की विश्वसनीयता को प्रभावित करने लगते हैं। ऐसे में आवश्यकता है कि इस क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यह भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है कि क्या इन तथाकथित धार्मिक और ज्योतिषीय गतिविधियों से समाज को वास्तविक लाभ मिल रहा है या नहीं। इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। यदि किसी व्यवस्था में बार-बार ठगी, शोषण और अपराध के मामले सामने आते हैं तो यह संकेत है कि उस व्यवस्था में कहीं न कहीं गहरी खामी है। ऐसे में सरकार और संबंधित संस्थाओं को चाहिए कि वे इस क्षेत्र का अध्ययन करें, आंकड़े एकत्र करें और यह मूल्यांकन करें कि समाज को इससे कितना लाभ और कितना नुकसान हो रहा है। साथ ही, कानून का सख्ती से पालन भी अत्यंत आवश्यक है। जो लोग धर्म या आस्था का सहारा लेकर अपराध करते हैं, उनके खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश देने के लिए होनी चाहिए कि कानून से ऊपर कोई नहीं है- चाहे वह कितना ही प्रभावशाली या पूजनीय क्यों न माना जाता हो। लेकिन केवल कानून ही इस समस्या का समाधान नहीं कर सकता। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका समाज और आम जनता की है। जब तक लोग बिना सवाल किए, बिना तर्क के किसी भी व्यक्ति पर विश्वास करते रहेंगे, तब तक ऐसे लोग पनपते रहेंगे।

शिक्षा और जागरूकता इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान हैं। लोगों को यह समझना होगा कि आस्था और अंधविश्वास में अंतर होता है। आस्था व्यक्तिगत होती है, जबकि अंधविश्वास वह होता है जिसमें व्यक्ति तर्क और विवेक को छोड़ देता है।

हमें अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और प्रश्न पूछने की आदत सिखानी होगी। यदि कोई व्यक्ति किसी ह्लधार्मिक प्रक्रियाह्व के नाम पर आपसे कुछ ऐसा करने को कहता है जो असामान्य, असहज या निजी सीमा का उल्लंघन करता हो तो उस पर तुरंत सवाल उठाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर कानून की मदद लेनी चाहिए।

मीडिया की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। मीडिया को चाहिए कि वह ऐसे मामलों को जिम्मेदारी के साथ प्रस्तुत करे, न कि सनसनीखेज तरीके से। साथ ही, समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सकारात्मक और शिक्षाप्रद सामग्री को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अंततः, यह सामूहिक जिम्मेदारी है। अपराधी को सजा दिलाना जरूरी है लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है ऐसे माहौल का निर्माण करना, जहाँ अपराध पनप ही न सके। इसके लिए कानून, समाज, परिवार और व्यक्ति- सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी। धर्म का मूल उद्देश्य मानवता, नैतिकता और सदाचार को बढ़ावा देना है। यदि कोई व्यक्ति धर्म के नाम पर इन मूल्यों का उल्लंघन करता है तो वह न केवल कानून का अपराधी है बल्कि धर्म का भी अपमान करता है। ऐसे लोगों को पहचानना, उनके खिलाफ आवाज उठाना और उन्हें कानून के दायरे में लाना हम सभी की जिम्मेदारी है। समय आ गया है कि हम आस्था और अंधविश्वास के बीच स्पष्ट रेखा खींचें। यह समझें कि हर वह व्यक्ति जो धार्मिक भाषा बोलता है, वह धार्मिक नहीं होता। सबसे महत्वपूर्ण- किसी भी परिस्थिति में अपराध को धर्म का नाम देकर स्वीकार नहीं किया जा सकता। अगर समाज इस मूलभूत सत्य को समझ ले तो न केवल ऐसे अपराधों में कमी आएगी बल्कि एक अधिक जागरूक, सुरक्षित और न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना भी संभव हो सकेगी।

# देश के सर्वोच्च सदन में उठती समान शिक्षा की पुकार

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। इसके साथ ही अनुच्छेद 21क के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया गया है**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत का संविधान अपने मूल में एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता है जहाँ प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों और वह अपने सामर्थ्य के अनुरूप विकास कर सके। यह विचार कहना होगा कि एक संवैधानिक संकल्प है जिसे अनुच्छेद 14, 21क और अन्य प्रावधानों के माध्यम से स्थापित किया गया है, किंतु जब हम शिक्षा के क्षेत्र में इस समानता की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हैं तब एक जटिल और विरोधाभासी परिदृश्य सामने उभरकर आता है। वस्तुतः राज्यसभा में दिनेश शर्मा द्वारा उठाया गया प्रश्न इस विरोधाभास को और अधिक स्पष्ट करता है जिसमें उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त संरचनात्मक असमानता की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उनका यह तर्क कि ह्लसंविधान की समानता की भावना के बावजूद शिक्षा व्यवस्था में भेदभाव मौजूद है !ह्व भले ही ये कहना किसी राजनेता का हो, किंतु यह वक्तव्य भारत की हकीकत है, जोकि आज एक गहन संवैधानिक विमर्श का विषय है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। इसके साथ ही अनुच्छेद 21क के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया गया है जिसे 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के माध्यम से जोड़ा गया। यह संशोधन इस बात का प्रतीक था कि शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 29 और 30 सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करते हैं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों को अपने शिक्षण संस्थान स्थापित करने और संचालित करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ समानता और विशेषाधिकार के बीच संतुलन का प्रश्न उत्पन्न होता है। राज्यसभा में प्रस्तुत विचारों के अनुसार अल्पसंख्यक संस्थानों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के कुछ प्रावधानों से छूट प्राप्त है जबकि अन्य संस्थानों को इन नियमों का पूर्णतः पालन करना होता है। दिनेश शर्मा ने इस स्थिति को अनुच्छेद 14 के साथ असंगत बताया और यह तर्क दिया कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रकार की संरचनात्मक असमानता उत्पन्न होती है। यहां समझ लें कि यह प्रश्न प्रशासनिक अथवा कानूनी नहीं है, यह उस मूलभूत विचार से जुड़ा है कि क्या राज्य सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखता है?

इस संदर्भ में अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट प्रदान कर एक तरह से देश में शिक्षा के व्यावहारिक स्तर पर एक असमान ढाँचे को भी वैधता प्रदान कर दी गई है। देखा जाए तो शिक्षा व्यवस्था में यह असमानता कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं है, यह संरचनात्मक और व्यावहारिक रूप में भी स्पष्ट दिखाई देती है। भारत में सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और धार्मिक शिक्षण संस्थान इन सभी की गुणवत्ता संसाधन और अवसरों में भारी अंतर है। एक ओर महानगरों के निजी विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं और वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का अभाव देखा जा सकता है। इस असमानता का परिणाम यह है कि विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्र एक ही प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते हैं किंतु उनकी तैयारी और अवसर समान नहीं होते।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी अपने विभिन्न प्रतिवेदनों में इस बात पर बल दिया है कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में समानता सुनिश्चित किए बिना बाल अधिकारों की वास्तविक रक्षा संभव नहीं है। आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ह्लसमान शिक्षा प्रणाली ही सामाजिक न्याय की आधारशिला बन सकती है।ह्व वस्तुतः यह कथन इस बात की पुष्टि करता है कि शिक्षा में असमानता सिर्फ शैक्षणिक समस्या तक सीमित नहीं है, यह सामाजिक न्याय का प्रश्न भी है। भारतीय चिंतन परंपरा में भी शिक्षा को समानता का माध्यम माना गया है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक ह्लएजुकेशन पॉलिटिक्स एंड वॉरह्व में लिखा है, ह्लशिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञानार्जन नहीं है, इससे समाज में नैतिक और सामाजिक संतुलन स्थापित करना है।ह्व इसी प्रकार महात्मा गांधी ने ह्लहरिजनह्व में यह विचार व्यक्त किया कि ह्लसमान शिक्षा के बिना सच्चा लोकतंत्र संभव नहीं है।ह्व इन विचारों से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा को व्यक्तिगत विकास का साधन होने के साथ ही सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी माना गया है।

समान शिक्षा की आवश्यकता को कई स्तरों पर समझा जा सकता है। सामाजिक दृष्टि से यह जाति वर्ग और धर्म आधारित विभाजनों को कम कर सकती है। आर्थिक दृष्टि से यह सभी को समान अवसर प्रदान कर प्रतिस्पर्धा को निष्पक्ष बना सकती है। राजनीतिक दृष्टि से यह लोकतंत्र को मजबूत कर सकती है क्योंकि शिक्षित और जागरूक नागरिक ही लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ कर सकते हैं। वैचारिक दृष्टि से यह समाज में एकरूपता और समरसता को बढ़ावा दे सकती है। यह भी सच है कि समान शिक्षा लागू करने में अनेक चुनौतियाँ भी हैं। क्योंकि भारत की विशाल जनसंख्या भाषाई और सांस्कृतिक विविधता राज्यों के अधिकार और निजी क्षेत्र की भूमिका ये सभी कारक इस प्रक्रिया को जटिल बनाते हैं। अतः समाधान का मार्ग संतुलन में निहित है जहाँ समानता और विविधता दोनों का सम्मान किया जाए। वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ह्व ने इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करने का प्रयास किया है। इस नीति में समानता, समावेशन और गुणवत्ता पर विशेष बल दिया गया है। नीति के अंतर्गत स्कूल कॉम्प्लेक्स की अवधारणा बहुभाषी शिक्षा और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की बात की गई है, किंतु इन नीतिगत प्रयासों के बावजूद जमीनी स्तर पर असमानता अभी भी बनी हुई है जिसका मुख्य कारण क्रियान्वयन की चुनौतियाँ और संस्थागत विविधता है।

इस दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले सभी शिक्षण संस्थानों के लिए न्यूनतम गुणवत्ता मानक निर्धारित किए जाएँ जिनका पालन अनिवार्य हो। दूसरा शिक्षा का अधिकार अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर सभी संस्थानों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। तीसरा शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए ताकि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण हो सके। चौथा संसद और नीति निमार्ताओं को इस विषय पर सर्वसम्मति से निर्णय लेना चाहिए ताकि शिक्षा को राजनीतिक विवादों से ऊपर उठाया जा सके। अतः यहां कहने का तात्पर्य यही है क हम सभी यह स्वीकारें कि समान शिक्षा एक नीतिगत लक्ष्य न होकर देश हित में एक नैतिक आवश्यकता है। जब तक भारत के प्रत्येक बच्चे को समान गुणवत्ता की शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक संविधान में निहित समानता का स्वप्न अधूरा ही रहेगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी है कि ह्लशिक्षा वह शस्त्र है जिससे हम समाज को बदल सकते हैं।ह्व कहना होगा क यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता के समय था, इसलिए समय की मांग है कि शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त असमानताओं को दूर करने के लिए गंभीर और समन्वित प्रयास किए जाएँ। राज्यसभा में उठी यह बहस एक अवसर है, एक ऐसे भारत के निर्माण का जहाँ शिक्षा वास्तव में समान हो और हर नागरिक को अपने सपनों को साकार करने का समान अवसर प्राप्त हो सके। हम उम्मीद करें कि केंद्र एवं राज्य सरकारें इस विषय पर गंभीरता से विचार करेंगी।

# भक्त शिरोमणि रामदूत हनुमान

**नगर निगम चुनाव 05 दिसंबर, 2022 को हुए थे। साल 2022 से पहले तीन नगर निगम चुनाव जीतने के बावजूद भाजपा का वोटबैंक नहीं बढ़ पा रहा है। इसमें अपवाद लोकसभा चुनाव ही है। जिसमें भाजपा को दिल्ली में औसत 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते रहे हैं।**

**-डॉ. रीना रवि मालपानी**

राम नाम के अनन्य प्रेमी भक्त शिरोमणि अंजनीसुत हनुमानजी की महिमा से भला कौन परिचित नहीं है। रामायण की कल्पना रामदूत हनुमान के बिना नहीं की जा सकती। भक्त और भक्ति की उत्कृष्टता को सिद्ध करने वाले हनुमानजी की लीला न्यारी है। श्रीराम दूत हनुमान भक्ति की उच्च पराकाष्ठा को सिद्ध करते हैं, इसी कारण श्रीराम भी सदैव उनके साथ ही अपनी पूर्णता को प्रदर्शित करते हैं इसीलिए उन्हें भक्त शिरोमणि की भी संज्ञा दी गई है।

रामायण में हनुमानजी का नहीं श्रीराम दूत के नवीन रूप का अवतरण हुआ, जो हमें यह सिखाता है कि हम अपनी सेवा, भक्ति, कर्मों एवं प्रयासों से नवीन स्वरूप में संसार के समक्ष प्रत्यक्ष हो सकते हैं। महादेव के अंश रुद्रावतार ने श्रीराम के प्रति अनन्य भक्ति एवं प्रेम को हृदय में विराजमान किया। महादेव को भोलेनाथ कहा जाता है, यही गुण उनके रुद्रावतार हनुमानजी के स्वभाव में परिलक्षित होता है। वे भी प्रभु श्रीराम की प्रसन्नता के लिए पूरे शरीर पर सिंदूर धारण करते हैं।

जहाँ धन, पद और यश के लालच में व्यक्ति अपना सुख-चैन, सर्वस्व त्याग देता है, वहीं हनुमानजी ने प्रभु श्रीराम के आग्रह पर उनके चरणपद ही माँग लिए और बाकी सबका सहज त्याग कर दिया। हनुमानजी की अनूठी विशेषता उनका अहंकार शून्य होना भी है। हनुमानजी की प्रतिभा संपन्नता तो हमें बाल्य रूप से ही दिखाई देने लगती है। भूख लगने पर सूर्य को फल समझ कर खा लेना, उनकी अद्भुत शक्ति संपन्नता को प्रदर्शित करता है परंतु अपने सम्बोधन में वे रामदूत के उच्चारण को ही प्राथमिकता देते हैं। हनुमानजी में यदि सेवाभाव एवं पूर्ण समर्पण था तो श्रीराम भी हनुमान के प्रति आदर और सम्मान का भाव रखते थे। ज्ञानियों में अग्रगण्य हनुमानजी की एक और विलक्षण विशेषता यह है कि वे अपना परिचय सदैव श्रीराम के दूत के रूप में देते हैं।हनुमानजी इतने बुद्धिमान हैं कि उन्हें ज्ञात है कि कब उन्हें लघु रूप धारण करना है और कब वृहद रूप धारण करके श्रीराम के कार्यो को शीघ्रता से सम्पन्न करना है। हमें सदैव अपने कार्य के प्रति उत्साह का भाव दिखाना चाहिए।

जब श्रीराम के कार्य को पूरा करने के लिए हनुमान समुद्र पार करने गए तो वे अत्यंत उत्साहित थे और लक्ष्य के प्रति दृढ़निष्ठ थे। जब मैनाक पर्वत ने उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने कहा मुझे शीघ्रता से माता सीता का पता लगाना है और तत्परता से श्रीराम का कार्य करना है। कार्यों को प्राथमिकता देना भी हमें हनुमानजी से सीखना चाहिए।

श्रीराम दूत हनुमान के जीवन में भक्ति और शक्ति का अनूठा समन्वय दृष्टिगोचर होता है। रामायण का प्रत्येक चरित्र अद्भुत है परंतु रामायण के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य को पूर्णता हनुमानजी ने दी। समुद्र लाँघना हो, माता सीता का पता लगाना हो, लंका दहन करना हो या लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा करनी हो, यह सभी कार्य हनुमानजी के द्वारा पूर्णता को प्राप्त हुए; फिर भी वे प्रत्येक कार्य की सफलता का श्रेय श्रीराम को देते हैं। हनुमानजी के गुण स्वरूप कार्यों एवं आदर्शों के अनुरूप ही उनके बारह नाम है, जो मनुष्य को अदम्य साहस और ऊर्जा प्रदान करते हैं। हनुमान, अंजनीसुत, वायुपुत्र, महाबल, रामेष्ठ, फाल्गुनसखा, पिङ्गाक्ष, अमितविक्रम, सीताशोकविनाशन, लक्ष्मण प्राणदाता, दशग्रीवदर्पहा इन सभी नामों को स्मरण करने से जीवन के पाप और संताप नष्ट होते हैं। कलयुग में हनुमान चालीसा और सुंदरकाण्ड तो हनुमानजी की कृपा प्राप्ति के लिए भक्तो के अमोघ शस्त्र है। हनुमान चालीसा की उत्कृष्टता तो इस बात में निहित है कि स्वयं गौरी के ईश महादेव उसके साक्षी बनते हैं। हनुमान चालीसा भी हममें अदम्य शक्ति, साहस, भक्ति एवं ऊर्जा का अंकुरण करती है। श्रीरामकथा श्रवण के प्रेमी हनुमानजी सदैव श्रीराम के नाम स्वरूप एवं गुणों का दर्शन करते हैं। यदि हम जीवन के उपवन में भक्ति एवं प्रसन्नता के प्रसून को पल्लवित और पुष्पित करना चाहते है तो असाध्य कार्य को भी साध्य करने वाले रामभक्त हनुमान की शरण ग्रहण कर लेना चाहिए। अद्वितीय भक्ति की प्रतीक माता सीता ने उन्हें अष्ट सिद्धि और नव निधि का आशीष दिया है।

हनुमानजी की विलक्षण लीला हमें शिक्षा देती है कि व्यक्ति के जीवन में कर्म ही प्रधान होते हैं। उन्हीं कर्मो की वजह से हनुमानजी श्रीराम को भरत एवं लक्ष्मण के समान प्रिय हुए। हनुमानजी की आत्मा की सुंदरता तो माता जानकी और श्रीराम के उनके हृदय में विराजमान होने से है।

भक्त शिरोमणि हनुमान भगवान और भक्ति सबकुछ प्रदान करने का सामर्थ्य रखते हैं। संसार के प्रत्येक दुर्गम कार्य को सुगमता से करने की क्षमता हनुमानजी में है। श्रीराम दूत के सम्बोधन से तो वे अति प्रसन्न हो जाते हैं और भक्त पर अपनी विशेष कृपा करते हैं। स्वयं उत्तम चरित्र से शोभायमान हनुमानजी हमेशा श्रीराम के चरित्र को सुनने के लिए लालायित रहते हैं। समस्त सद्गुणों के स्वामी हनुमानजी संकट मोचक हैं।

हनुमान जन्मोत्सव जैसे उत्सव हममें भक्ति की अनूठी ऊर्जा का संचार करते हैं।

अक्सर सांसरिक मोहमाया से भगवान की स्मृति खो देते हैं, परंतु प्रत्येक उत्सव हममें भगवान की स्मृति को जीवंत करता है। महाभारत में जब कुंती ने श्रीकृष्ण से दुःख मांगा तब श्रीकृष्ण ने कहा कि आपका पूरा जीवन अथक संघर्षों में व्यतीत हुआ इसके पश्चात भी आप दुःख माँग रही है। तब उन्होंने गोविंद को उत्तर दिया कि दुःख में सदैव आपकी स्मृति बनी रहती है। इसी प्रकार यह छोटे-छोटे उत्सव हमें भगवान के नाम रूपी बैंक में निवेश करने को प्रेरित करते है, जो मनुष्य योनि की सच्ची कमाई है।

तो आइये उन्हीं श्रेष्ठ भक्त शिरोमणि हनुमानजी के जन्मोत्सव को पूर्ण हर्षोल्लास से मनाएं। भक्ति में भाव की प्रधानता होती है। प्रभु कभी भी पूजा के मापदंड एवं भक्ति के क्रियाकलाप नहीं देखते। राम कीर्तन भी हनुमानजी को अत्यंत प्रिय है। चारों युग में अपनी कीर्ति को प्रतिष्ठित करने वाले हनुमानजी कलयुग में रामकथा होने पर यत्र-तत्र विराजमान होते हैं, तो हम श्रीराम नाम के उद्घोष के साथ सहज ही रामभक्त हनुमान की कृपा को प्राप्त कर सकते हैं।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राम कथा में याज्ञवल्क्य ने सुनाया प्रसंग, जब हजारों साल की तपस्या से मिला राम जैसा पुत्र

वा याज्ञवल्क्यजी अत्यंत मधुर और भावपूर्ण स्वर में श्रीरामकथा का वर्णन करते हुए महर्षि भरद्वाज को आनन्दित कर रहे हैं। भरद्वाज मुनि प्रभु के विविध अवतारों की दिव्य लीलाओं को एकाग्रचित्त होकर श्रवण कर रहे हैं। नारद प्रसंग के उपरांत याज्ञवल्क्यजी मनु और शतरूपा के महान तप तथा उस तप से प्राप्त दिव्य वरदान की कथा सुनाते हैं।

वे मनु, जिन्हें समस्त मानव जाति का आदिपुरुष कहा जाता है, परम पराक्रमी, तपस्वी और धर्मनिष्ठ राजा थे। उनकी धर्मपत्नी शतरूपा भी सदाचार और पतिव्रत धर्म की मूर्ति थीं। उनके पवित्र आचरण का गुणगान आज भी वेद करते हैं। उनके पुत्र उत्तानपाद के यहाँ महान भक्त ध्रुव का जन्म हुआ, जिनकी भक्ति अमर है। देवहूति, जो कर्दम मुनि की पत्नी थीं, उन्हीं के गर्भ से प्रकट हुए महान मुनि कपिल, जिनकी महिमा समस्त संसार में गाई जाती है। मनु ने दीर्घकाल तक धर्मपूर्वक राज्य का संचालन किया। वे सामान्य मनुष्यों की भाँति जीवन के सुख-दुःख का अनुभव करते हुए वृद्धावस्था को प्राप्त हुए, परंतु उनके मन को कहीं भी स्थिरता प्राप्त न हुई। अंततः उनके भीतर वैराग्य जाग्रत हुआ। उन्होंने अपने पुत्र को राज्य सौंपकर, पत्नी सहित वनगमन का निश्चय किया। नैमिषारण्य और गोमती के पावन तटों से होते हुए वे अनेक संत-महात्माओं के आश्रमों में पहुँचते रहे। निरंतर कठोर तप और वन के कष्ट भी उनके संकल्प को विचलित न कर सके। उनके हृदय में एक ही व्याकुलता थी– कहीं यह नश्वर जीवन प्रभु के दर्शन के बिना ही व्यर्थ न बीत जाए। धीरे-धीरे उनकी तपस्या और भी कठोर होती गई। उन्होंने हजारों वर्षों तक केवल जल का सेवन किया, फिर वायु पर जीवन यापन किया, और अंततः वायु का भी त्याग कर एक पैर पर खड़े रहकर कठोर तप में लीन हो गए। उनकी इस अद्वितीय तपस्या को देखकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी अनेक बार उनके समीप आए और विभिन्न प्रकार से उनकी परीक्षा ली, किंतु वे अपने संकल्प से तनिक भी विचलित न हुए।

उनकी अटूट श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर अंततः आकाशवाणी हुई–ह्लवर मांगो।ह्व

प्रभु की वाणी सुनते ही उनका क्षीण शरीर पुनः तेजस्वी और पुष्ट हो उठा। अत्यंत भावविभोर होकर मनु ने विनम्र वाणी में कहा–हे प्रभु! जिनका निरंतर वेदों द्वारा गुणगान किया जाता है, जिनके सगुण और निर्गुण दोनों स्वरूपों का मुनिजन ध्यान करते हैं, हम उन आपके दिव्य रूप का साक्षात दर्शन करना चाहते हैं। कृपा कर हमारे इस दुःख का निवारण कीजिए। उनकी सरल और निष्कपट प्रार्थना से प्रसन्न होकर भगवान ने अपना मनोहर स्वरूप प्रकट किया।

## टिप्स

### गर्मी में Cold Water पीना बढ़ा सकता है जान का रिस्क

मार्च–अप्रैल के महीने में मौसम अक्सर अनिश्चित रहता है। कभी तेज धूप और कभी अचानक बारिश होती है। लेकिन एक छोटी सी लापरवाही आपके सेहत को बिगाड़ सकती है। इस मौसम में ठंडा पानी पीना भी सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। होली के बाद हल्की गर्मी होने लगती है। जिस कारण लोग ठंडा पानी पीना शुरूकर देते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बदलते मौसम में गर्म और ठंडे पानी का संतुलित सेवन करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मौसम बदलने पर ठंडा पानी पीने से शरीर को कौन–कौन से नुकसान हो सकते हैं। गर्मी में उङ्क'हिंङ्गी१ पीना बढ़ा सकता है जान का फ्र'

मार्च–अप्रैल के महीने में मौसम अक्सर अनिश्चित रहता है। कभी तेज धूप और कभी अचानक बारिश होती है। लेकिन एक छोटी सी लापरवाही आपके सेहत को बिगाड़ सकती है। इस मौसम में ठंडा पानी पीना भी सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। होली के बाद हल्की गर्मी होने लगती है। जिस कारण लोग ठंडा पानी पीना शुरूकर देते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बदलते मौसम में गर्म और ठंडे पानी का संतुलित सेवन करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मौसम बदलने पर ठंडा पानी पीने से शरीर को कौन–कौन से नुकसान हो सकते हैं।

पाचन संबंधी समस्या होना

ठंडा पानी पीने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है।

खाना खाने के फौरन बाद ठंडा पानी पीने से गैस, पेट में ऐंठन और डकार जैसी समस्या हो सकती है।

ठंडा पानी पाचन एंजाइम्स जैसी गतिविधि को धीमा कर देता है।

ठंडे पानी के कारण खाना सही से पच नहीं पाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**

**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## पुण्यतिथि पर याद किए गए छत्रपति शिवाजी महाराज



दुमका : शुक्रवार को शहर के सरदार पटेल चौक में सिविल सोसायटी,पटेल सेवा संघ और शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच दुमका के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जी के पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ्क्ष बी.के पीयूष, सिविल सोसायटी दुमका के उपाध्यक्ष प्रेम केसरी,विविध सचिव संदीप कुमार जय बमबम,राजेश कुमार चौरसिया, पवन कुमार झा,रुद्रांश, इन्दु चौबे,बबीता देवी,अर्चना देवी, रंजु देवी,कंचन देवी आदि शामिल हो कर श्रद्धासुमन अर्पण किया और उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए आज की युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेने की बात प्रमुखता रखें।

## अचानक हुई दर्दनाक घटना से पूरा परिवार सदमे में

**साहिबगंज :** जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है ।बरहरवा-साहिबगंज रेलखंड के महाराजपुर क्षेत्र में गुरुवार की रात एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। इस घटना के बाद इलाके में शोक और सनसनी का माहौल बन गया ।रेलवे ट्रैक के पास खड़ा था विष्णु नोनिया मृतक की पहचान महाराजपुर निवासी अनिल नोनिया के पुत्र विष्णु नोनिया के रूप में की गयी है बताया जा रहा है कि वह स्थानीय निवासी था और किसी कारणवश देर रात रेलवे ट्रैक के पास मौजूद था। जहां यह हादसा हो गया ।हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस से हुआ हादसा प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विष्णु नोनिया की मौत हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर हुई. घटना देर रात की बतायी जा रही है, हालांकि सुबह लोगों की नजर शव पर पड़ीजिसके बाद इसकी सूचना तत्काल रेल पुलिस को दी गयी ।मौके पर पहुंची रेल पुलिस घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है ।साथ ही हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ।पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से पूरा परिवार सदमे में है।

## डॉ. सचिन कुमार ने की पत्रकार की शिकायत सिविल सर्जन ने लगाया फटकार




साहिबगंजः जिले के बड़े सदर अस्पताल इन दिनों काफी चचाओं में है ।जहां आए दिन कभी डॉक्टर अस्पताल से नदारत रहते हैं। तो कभी मरीजों को छोड़कर अपने निजी कामों से चले जाते हैं. जिससे हमारे राज्य की सरकार की छवि धूमिल हो रही है. ताजा मामला शनिवार की है जहां जहां जिले के सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान अचानक सदर अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टरों की करतूत सामने आ गई कोई डॉक्टर तो 9:30 मैं पहुंचे तो कोई डॉक्टर 9:50 तक पहुंचे. लेकिन चर्चा का विषय बनी रही की आर्थो के डॉ. सचिन कुमार 10:30 मैं पहुंचे डेढ़ घंटा विलंब होने से हड्डी के मरीज परेशान हो रहे थे. लोग निराश होकर वापस घर जा रहे थे. जब 10:30 बजे डॉक्टर सचिन अस्पताल पहुंचे तो डॉ. सचिन कुमार ने पत्रकार की शिकायत की कहां की पत्रकार अस्पताल घुसकर फोटो लेकर चले जाते हैं इस पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाया कहा कि क्यों नहीं पत्रकार आएगा आप अपने समय पर ड्यूटी क्यों नहीं आते हैं और पत्रकार की शिकायत करते हैं. अस्पताल की स्टाफ कर्मी को अपने करने की धमकी दी चप्पल से जूता से आप पर कार्यवाही होना अनिवार्य है. इस दौरान मैरिज ओट से लेकर सदर अस्पताल तक भटकते रह गए लेकिन डॉक्टर सचिन नहीं मिले । विलंब से पहुंचने के बाद मैरिज निराश होकर वापस चले गए।

## बुजुर्ग का शव बरामद

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन से के पैदल साउथ कॉलोनी जाने वाले पुल के अंतिम छोर पर शुक्रवार को जीआरपी ने एक अज्ञात 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया है। जीआरपी ने छानबीन के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शिनाख्त के लिए शव को 72 घंटे के लिए मर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया। जीआरपी थाना प्रभारी कैलाश महतो ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर वृद्ध व्यक्ति के शव की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

## एमआरएमसीएच में लेप्रोस्कॉपी विधि से हुआ पहला सर्जरी

**मेदिनीनगरः** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) के सर्जरी विभाग में लेप्रोस्कॉपी विधि से एक युवती का अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया गया। यह अस्पताल का पहला लेप्रोस्कोपिक आपरेशन है। ऑपरेशन के बाद युवती की स्थिति ठीक है। एक-दो दिनों में मरीज को छुट्टी दे दी जाएगी। एमआरएमसीएच अधीक्षक डॉ अजय कुमार ने बताया कि यह अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि है। पूरी टीम बधाई की पात्र है। बहुत जल्द अस्पताल में विशेषज्ञ टीम मरीजों का ईलाज सुनिश्चित करेंगे। कार्य क्षमता बढ़ेगा। सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ सुशील पांडेय ने बताया कि नवीनगर निवासी एक मरीज को अपेंडिक्स की समस्या था। विभाग ने लेप्रोस्कोपिक विधि से करने का योजना बनाया ।करीब 30-40 मिनट में सर्जरी पूर्ण कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में ही राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लैप्रोस्कोपिक मशीन मुहैया कराया था। कुछ तकनीकी कमी के कारण अबतक ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था। तकनीकी को दुरुस्त करते हुए सर्जरी गुरुवार से शुरू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वरीय सर्जन डॉ संजय कुमार, एनस्थीसिया से डॉ श्रवण और रवि एवं सीनियर रेजिडेंट शब्या साची, ओटी असिस्टेंट धर्मेशका इस सर्जरी में योगदान रहा। डॉ पांडेय ने कहा कि प्रारंभिक दौर में अस्पताल में अपेंडिक्स और गॉलब्लैडर पथरी का सर्जरी होगा। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में मरीज को कम चीरा लगता है। घाव पकने का डर नहीं होता है।

# सदर अस्पताल के आर्थो डॉ. सचिन कुमार ने दी मारने कि धमकी, कर्मियों ने लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता

**साहिबगंजः** सदर अस्पताल का कोई भी मामला आय दिन अखबारों में प्रकाशित होती रहती है.जहाँ कभी अस्पताल में डॉक्टर नहीं रहते हैं.तो कभी मरीजों को छोड़कर डॉक्टर अपनी निजी कार्य से चले जाते हैं तो कभी. मरीज को छोड़कर चाय दुकान में बैठकर टाइम पास करते हैं ।तो कभी मरीजों के साथ डॉक्टर साहब दुर्व्यवर करते हैं। जिसके चलते अस्पताल के साथ-साथ सरकार की छवि धूमिल हो रही है. जिसको लेकर बीते दिनों आम नागरिक के द्वारा ऐसे डॉक्टरों पर कार्यवाही वह तबादला को लेकर जिले के सिविल सर्जन रामदेव पासवान को मांग पत्र सौंप थे.लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं वही एक बार फिर सदर अस्पताल आर्थो डॉ.सचिन कुमार ने स्टाफ कर्मी को दुर्व्यवहार व करने की धमकी दी जिसको लेकर स्टॉप कर्मी ने गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रशासन और जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाया.वही ओटी एसिस्टेंट दीपक साह ने आर्थो डॉक्टर डॉ. सचिन कुमार पर दुर्व्यवहार करने व मारपीट करने अभद्र शब्द का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। ओटी एसिस्टेंट ने इस मामले में गुरुवार को डीएस को पत्र भी दिया है। दिए पत्र में उन्होंने आर्थो डॉक्टर डॉ. सचिन कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 31 मार्च को ओटी में ऑपरेशन के दौरान उसे जूता से मारने की बात कही। और जिस दिन ओटी नहीं रहने रहता है उस दिन ओपीडी करवाता है। जबकि उनका नियुक्ति ओटी के लिए हुआ है। ओटी एसिस्टेंट का यह भी आरोप है कि उन्हें ओटी में काम करने से मना किया जाता है। ओपीडी में नहीं बैठने पर उसे उसे हटाने की धमकी भी दिया जाता है। ओटी एसिस्टेंट ने कहा कि डॉक्टर के इस रवैए से वे कई दिनों प्रताड़ित हैं। वही आए दिन सभी अखबारों में प्रकाशित होते रहती है। इसके बाबजूद भी जिला प्रशासन,ओर रांची में बैठे स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को इसका बो फिक्र ही नहीं है। इस पर स्वास्थ्य विभाग क्यों नहीं एक्शन ले रही है। सूत्रों की माने की इस अस्पताल में जो अच्छे डॉक्टर लोगों काम कर रहे हे वैसे डॉक्टरों को दिन रात कामों के बारे में दबाव देकर काम करवाया जाता हे ओर जो डॉक्टर काम करने के लिए आए दिन बहाना बनाकर काम नहीं करते हे वैसे डॉक्टरों के बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बोलने के लिए बहाना बनाकर निकल पड़ते हे। बार बार ऐसे डॉक्टरों के बारे में अखबार में प्रकाशित होने के बावजूद भी रांची में बैठे उच्च अधिकारियों ने ऐसे डॉक्टरों को इस जिला में रखकर जिला स्वास्थ्य की छवि को धूमिल करने के लिए क्यों लगेगे हुए हैं। जब की जिला के अधिकारियों ने ऐसे डॉक्टरों के बारे में रांची स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर बार बार पत्र भेजा जा चुका है। उसके बाद भी ऐसे डॉक्टरों को क्यों नहीं अधिकारियों के द्वारा स्थानांतरण किया जाता है। पूर्व में भी डॉक्टर सचिन कुमार को जिला उपायुक्त महोदय के द्वारा बरहेट स्थानांतरण किया गया था।और सदर अस्पताल फिर से पटरी पर दोबारा लौट आई थी। किसी प्रकार की विवाद नहीं हो रही थी. आज फिर ऐसे डॉक्टरों के कारण सदर अस्पताल सदर अस्पताल की छवि धूमिल हो रही है।और जनता मांग पत्र सौंप रही है`

# निःशुल्क जांचःचौपाल के दौरान कई श्रमिकों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच बीपी शुगर की

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आज साहिबगंज के धर्मशाला स्थित एक बेहद सराहनीय और अभिनव कार्यक्रम ₹प्रातः चौपाल सिविल सर्जन के नेतृत्व मे चाय पर श्रमिकों के बीच स्वास्थ्य चर्चा का सफल आयोजन किया गया ।यह कार्यक्रम प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक हुआ।। सीधा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के उस वर्ग श्रमिकों तक पहुँचना था जो अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अक्सर स्वास्थ्य जांच और परामर्श से वंचित रह जाते हैं ।सहभागिता इस चौपाल में सिविल सर्जन कार्यालय,सदर अस्पताल साहिबगंज और सदर प्रखंड शहरी और ग्रामीण की स्वास्थ्य टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।स्वास्थ्य परामर्श चाय की चुस्कियों के साथ अनौपचारिक माहौल में श्रमिकों को मौसमी



बीमारियों, स्वच्छता के महत्व और नियमित जांच के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को केवल अस्पताल की दीवारों तक सीमित रखना नहीं बल्कि उन्हें सीधे उन लोगों तक पहुँचाना है ।जो राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहाते हैं ।यह चौपाल एक संवाद का माध्यम है ताकि हम उनकी समस्याओं को करीब से समझ सकें ।निःशुल्क जांचःचौपाल के दौरान कई श्रमिकों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच बीपी,शुगर आदि भी की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिए गए ।मौके पर उपस्थित श्रमिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे विभाग की एक मानवीय और संवेदनशील सोच बताया। इस अवसर पर डॉ मुकेश कुमार,स्वास्थ्य विभाग के सती बाबू डवडा,मुनीलाल पांडे ललित कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# घरेलू गैस की कालाबाजारी को लेकर की गई कार्रवाई

संवाददाता

**देवघर :** जिले में अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार एवं अंचल अधिकारी, देवघर के नेतृत्व में देवसंघ चौक के समीप एक निजी प्रतिष्ठान पर छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान उक्त दुकान में अवैध रूप से एलपीजी (छढक्ष्) सिलेंडरों का भंडारण और उन्हें ऊंचे दामों पर बेचने की पुष्टि हुई, जिसके पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से गैस सिलेंडर जब्त किए और संबंधित दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है ।इसके अलावा दुकान के संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एर्शील्लड़' उड्क्षिड्ढ्रीर अू३)



एवं एलपीजी (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश, 2000 की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी (त्र्क्षफ) दर्ज की गई है। साथ ही, जब्त किए गए गैस पासबुक और आपूर्ति के स्रोतों की गहन जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी वितरक या व्यक्ति द्वारा निर्धारित वजन से कम गैस देना, सिलेंडर से निकाल कर खुली गैस बेचना या निर्धारित सरकारी मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करना एक गंभीर और दंडनीय अपराध है। उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन करने वाले और कालाबाजारी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगे उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध गतिविधि या कालाबाजारी की सूचना मिले, तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## गैस की आपूर्ति पूरी तरह डोर-टू-डोर घर-घर की जाएगी

**साहिबगंज :** सभी गैस धारकों को सूचित किया जाता है कि कृपया सड़क पर किसी भी प्रकार की लाइन न लगाएं। सड़क पर गैस वितरण नहीं किया जाएगा। गैस की आपूर्ति पूरी तरह डोर-टू-डोर घर-घर की जाएगी ।गैस वितरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, अर्थात जिन उपभोक्ताओं ने पहले गैस का नंबर दर्ज कराया है, उन्हें पहले गैस उपलब्ध कराई जाएगी ।सभी उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया जाता है कि अगले 4 दिनों के भीतर बैकलॉग की स्थिति पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी ।कृपया किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें फैलाएं। आपका सहयोग ही व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहायक होगा।

# फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव बने जय प्रकाश सिन्हा




संवाददाता

**साहिबगंज :** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन रांची का एक विशेष बैठक जामताड़ा विवाह भवन सभागार में आयोजित हुआ,इसमें लगभग 20 जिला के लोग बैठक में शामिल हुए ।जिसमे साहिबगंज जिला से जयप्रकाश सिहां,महेंद्र पासवान,अशोक शाह,मनोज चौधरी,भगवान जोशी,मंतलाल पासवान भी शामिल हुए ।बैठक मे सर्वसम्मतसे प्रस्ताव मे यह लिया गया,की लंबे समय से चली आ रही प्रदेश संगठन का रजिस्ट्रेशन संपन्न हुआ ।जिसका रजिस्ट्रेशन का नंबर 366/ 25 निर्गत किया गया है,जिसके तहत फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन का संगठन काम करेगी,और अपनी समस्याओं एवं कठिनाइयों को सरकार तक पहुंचाने का काम करेगी ।बैठक मे प्रदेश स्तर की कमेटी का गठन किया गया ।जिसमें मोहन भैया को प्रदेश अध्यक्ष,रमन जी को उपाध्यक्ष,ज्ञान देव झा को महामंत्री,जयप्रकाश सिंहां को प्रदेश सचिव एवं विभिन्न जिलों से लोगों को प्रदेश कमेटी में शामिल की गई ।वही कुछ जिलों मे जिला अध्यक्ष का भी मनोनयन किया गया ।बैठक मे विभिन्न जिलों के फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए।

# कैथोलिक चर्च में ईसाई समुदाय के लोग पहुंचे



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंड में शुक्रवार को ईसाई समुदाय के द्वारा शोक दिवस के रूप में गुड फ्राइडे मनाया गया ।इस मौके पर बड़ी संख्या में शहर के बिजली घाट स्थित कैथोलिक चर्च में ईसाई समुदाय के लोग पहुंचे और 'गुड फ्राइडे' को शोक दिवस, साधना और प्रभु यीशु मसीह के सर्वोच्च बलिदान के प्रति कृतज्ञता के दिन के रूप में मनाया ।यह दिन ईसा मसीह के क्रूस पर बलिदान की याद में ईस्टर संडे से पहले शुक्रवार को मनाया जाता है ।बताया जाता है। ईसाई समुदाय के लोगों द्वारा चर्च में जाकर विशेष प्रार्थनाए करते हैं, उपवास रखते हैं और मौन धारण करते हैं ।गुड फ्राइडे को 'होली फ्राइडे ब्लैक डे' या 'ग्रेट फ्राइडे' के नाम से भी जाना जाता है ।यह दिन ईसा मसीह के त्याग,प्रेम और क्षमा के संदेश का प्रतीक है ।कार्यक्रम का नेतृत्व फादर मेथियस हेंब्रम द्वारा किया जा रहा था ।इस मौके पर लिली हेंब्रम कविता सहित अन्य मौजूद थे।

## मानगो क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही

**जमशेदपुर :** मानगो क्षेत्र में निमार्णाधीन फ्लाईओवर के कारण यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य के लिए शनिवार सुबह 10 बजे से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। कुंवर बस्ती पावर सब-स्टेशन से जुड़े फीडर क्षेत्र में बिजली बंद रही, जिससे कुंवर बस्ती, दाईगुट्ट, मुंडा कॉलोनी, मानगो चौक और पायल सिनेमा रोड प्रभावित होंगे।

# महाप्रसादम के लिए अन्नसंग्रह धन संग्रह अभियान जोरों पर

संवाददाता

**साहिबगंज :** विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आज जय प्रकाश नगर और प्रोफेसर कॉलोनी मोहल्ले में अन्नसंग्रह धन संग्रह अभियान जोरशोर से चलाया गया ।जहां रामधुन की जयकारों के साथ शहर के सामाजिक कार्यकताओं ने इस अभियान में भाग लिया ।उधर गंगा समग्र के प्रांत संयोजक डॉ देवव्रत और आरएसएस के नगर कार्यवाहक प्रमोद कुमार रिंकू के नेतृत्व में दो अलग अलग दलों में शामिल संजय पटेल,देव कुमार,अनिल कुमार गुप्ता,अमित गुप्ता,प्रमोद झा,गौरी शंकर चौधरी,राज कोचिंग के रवि कुमार तांती,रोहित यादव,परितोष कुमार एवं राजू कुमार ने घरों से अन्न संग्रह धन संग्रह किया। वही प्रमोद कुमार ने बताया कि अन्न संग्रह धन संग्रह के माध्यम से लगभग 10000 सनातन प्रेमियों को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा ।आगे उन्होंने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर शहर में कल से प्रचार प्रसार अभियान जोर शोर से चलाया जाएगा।



# गैस आपूर्ति में अनियमितता को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता

**देवघर :** देवघर अनुमंडल क्षेत्र में गैस आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार एवं अंचलाधिकारी द्वारा 'माँ तारा गैस एजेंसी' का औचक निरीक्षण किया गया।

इसके अलावा निरीक्षण के दौरान जाँच के दौरान पाया कि एजेंसी के पास 12 मार्च से 04 अप्रैल तक की भारी संख्या में गैस बुकिंग लंबित हैं, जिनकी डिलीवरी अब तक नहीं की जा सकी है। लगातार बढ़ती शिकायतों और आपूर्ति में हो रही देरी पर गैस एजेंसी प्रबंधन ने अपनी असमर्थता जताई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने गैस एजेंसी को निम्नलिखित सख्त निर्देश जारी किए हैंः

प्राथमिकता के आधार पर वितरणः गैस की आपूर्ति केवल 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर ही सुनिश्चित की जाए।

अवैध आपूर्ति पर रोकः किसी भी परिस्थिति में अनधिकृत व्यक्तियों को या आउट-ऑफ-टर्न (बारी के बाहर) गैस की आपूर्ति करना दंडनीय होगा।

होम डिलीवरी और बैकलॉगः एजेंसी को तत्काल प्रभाव से सुचारू रूप से 'होम डिलीवरी' सेवा प्रारंभ करने और पुराने सभी बैकलॉग को जल्द से जल्द क्लियर करने का आदेश दिया गया है।





सलमान खान की अगली फिल्म में

# नयनतारा की एंट्री

**सलमान** खान की अगली बड़ी फिल्म में एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब ये दो बड़े सितारे पर्दे पर एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। सलमान इस बार साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम SVC63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। इस फिल्म में दर्शकों को एक्टिंग के दो अलग-अलग स्कूल देखने को मिलेंगे। सलमान खान जहां अपने खास स्वैग वाले अंदाज के लिए जाने जाते हैं, वहीं नयनतारा अपनी इंटेंस और कैरेक्टर-ड्रिवन परफॉर्मेंस के लिए फेमस हैं। मेकर्स का मानना है कि सलमान की स्टार पावर और नयनतारा की गहराई वाली एक्टिंग का यह मिश्रण पर्दे पर एक नई केमिस्ट्री पैदा करेगा।



# राजकुमार राव ने शुरू की गांगुली बायोपिक की शूटिंग

**'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' होगा फिल्म का टाइटल**

**एक्टर** राजकुमार राव ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने इस बात की जानकारी इंस्टाग्राम पर शेयर की। जानिए किस फिल्म में नजर आएंगे एक्टर।

राजकुमार राव ने हाल ही में अपनी फिल्म टोस्टर की अनाउंसमेंट की थी, जो नेटफ्लिक्स पर 15 अप्रैल को रिलीज होगी। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। बता दें कि एक्टर 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' फिल्म की शूटिंग की शुरुआत कर चुके हैं, जो पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली पर आधारित होगी। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कैप्शन दिया- और अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। फिल्म को लव फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। पोस्ट शेयर करने के बाद बॉलीवुड सेलेब्स ने भी एक्टर को उनके प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं दी हैं। फराह खान, नेहा धूपिया और सचेत टंडन ने पोस्ट पर 'ऑल द बेस्ट' कमेंट किया।



इन लोगों के सामने

# खड़े होने में शर्मिंदा होते हैं 'खिलाड़ी कुमार'

**एक से बढ़कर एक मूवी देने वाले अक्षय कुमार आज बेहिसाब संपत्ति के मालिक हैं। शानो-शौकत से जिने वाले 'खिलाड़ी कुमार' अपने एक चीज की वजह से आज भी शर्मिंदा महसूस करते हैं। वो ठीक करना चाहते हैं, लेकिन अब मन नहीं लगता है उसमें।**

**बॉलीवुड** के सुपरस्टार अक्षय कुमार एक्टिंग के साथ-साथ अपने अनुशासन से भरे लाइफस्टाइल जीने के लिए जाने जाते हैं। एक से बढ़कर एक मूवी देने वाले अक्षय ने हाल ही में अपने पढ़ाई को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि आज भी जब वो ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों से मिलते हैं, तो उन्हें हीन भावना महसूस होती है।

## 'कभी-कभी बहुत छोटा महसूस करता हूं'

अक्षय कुमार ने अपने शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून'में एक पढ़ी-लिखी कंटेस्टेंट को बताया कि आज भी मेरे जैसे लोग जो ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं, आप जैसे लोगों के सामने कभी-कभी बहुत छोटा महसूस करते हैं।'उन्होंने माना कि शिक्षा की कमी उन्हें कई बार अंदर से कमजोर महसूस कराती है।

## 'अब पढ़ना चाहता हूं, लेकिन मन नहीं लगता'

अक्षय कुमार ने बताया कि 'उन्हें अब एहसास होता है कि उन्हें पढ़ाई करनी चाहिए थी। कभी-कभी सोचता हूं कि मुझे पढ़ना चाहिए था, लेकिन अब जब पढ़ना चाहता हूं, तो पढ़ नहीं पाता क्योंकि पढ़ाई में मन नहीं लगता। एक्टर ने अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना का जिक्र करते हुए कहा कि वह एक सफल लेखिका हैं और कई किताबें लिख चुकी हैं। लेकिन आप यकीन नहीं करेंगे, मैंने उनकी एक भी किताब नहीं पढ़ी है।उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि जब भी वह पढ़ने बैठते हैं, उनकी आंखों से आंसू निकलने लगते हैं।

## फैंस को दी खास सलाह

अंत में अक्षय ने अपने चाहने वालों को कहा कि मेरे जैसे मत बनो, बल्कि पढ़े-लिखे लोगों को फॉलो करों। पढ़ाई जीवन में बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

# डिंपल कपाड़िया को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

- अनीता आडवाणी-राजेश खन्ना के रिश्ते को कानूनी मान्यता देने की याचिका खारिज



**अभिनेत्री** अनीता आडवाणी को बॉम्बे हाईकोर्ट से झटका लगा है क्योंकि कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनके और दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना के रिश्ते को कानूनी मान्यता देने की बात कही गई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री अनीता आडवाणी की अपील खारिज कर दी है और रिश्ते को शादी का कानूनी दर्जा देने की मांग को गलत बताया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने डिंडोशी सेशन कोर्ट के पहले के फैसले को बरकरार रखा है। बता दें कि यह मामला राजेश खन्ना के 2012 में निधन के बाद से ही विवादों में रहा है। राजेश खन्ना के परिवार और अनीता आडवाणी के बीच लंबे समय से कानूनी लड़ाई चल रही है। जस्टिस शर्मिला देशमुख की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साफ शब्दों में कहा, 'फर्स्ट अपील डिसमिस्ड,' यानी अपील खारिज की जाती है। हालांकि, इस मामले में विस्तृत आदेश अभी जारी होना बाकी है। सुनवाई के दौरान डिंपल कपाड़िया, ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार की ओर से पेश पक्ष को भी अदालत ने सुना। अनीता आडवाणी का कहना था कि वह राजेश खन्ना के साथ लंबे समय तक रिश्ते में थीं और यह रिश्ता शादी जैसा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि अभिनेता की मौत के बाद उन्हें उनके बंगले 'आशीर्वाद' से बाहर कर दिया गया। उन्होंने अभिनेता की संपत्ति में भी हिस्सेदारी की मांग की थी। इतना ही नहीं, अभिनेत्री अनीता ने अक्षय कुमार, डिंपल कपाड़िया और ट्विंकल खन्ना के खिलाफ भी घरेलू हिंसा व मारपीट का केस दर्ज कराया था। हालांकि 2015 में अक्षय कुमार, डिंपल कपाड़िया और ट्विंकल खन्ना के खिलाफ दर्ज मामले को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि अनीता आडवाणी और राजेश खन्ना का रिश्ता शादी जैसा नहीं था। लिव-इन-रिलेशनशिप को शादी का दर्जा नहीं दिया गया है, इसलिए याचिका को खारिज किया जाता है। बता दें कि जिस आशीर्वाद बंगले को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था, उसे काफी समय पहले बेचा जा चुका है। राजेश खन्ना ने अपना आखिरी समय इसी बंगले में बिताया था।

# हुमा कुरैशी की चमक के कायल हुए हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर



**मशहूर** हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने हुमा को फिल्म 'आर्मी ऑफ द डेड' में काम करने वाले सबसे अच्छे कलाकारों में से एक बताया। जैक स्नाइडर ने मंगलवार को हुमा कुरैशी की तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हुमा कुरैशी उन बेहतरीन अभिनेत्री में से एक हैं, जिनके साथ मुझे 'आर्मी ऑफ द डेड' में काम करने का अवसर मिला। टैलेंट, स्क्रीन पर मौजूदगी और जबरदस्त चमक थी।' मनोरंजन जगत के कलाकारों ने भी जैक के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने लिखा, 'आप सबसे बढ़िया हैं... बॉस।' फराह खान ने लिखा, 'अरे वाह। ' 'आर्मी ऑफ द डेड' स्नाइडर की बनाई एक कहानी पर आधारित है। फिल्म की कहानी कुछ सैनिकों के एक ग्रुप के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जॉम्बी के कहर के दौरान लास वेगास के एक कसीनो में डकैती की योजना बनाते हैं। स्नाइडर ने 'आर्मी ऑफ द डेड' का आइडिया अपनी 2004 में आई पहली फिल्म 'डॉन ऑफ द डेड' की अगली कड़ी के तौर पर सोचा था। इस फिल्म में कई बड़े एक्टर्स ने काम किया है, जिनमें डेव बॉतिस्ता, एला पर्नेल, ओमारी हार्डविक, एना डे ला रेग्वेरा, थियो रॉसी, मैथियास श्वेघोफर, नोरा अर्नेजेडर, हिरोयुकी सनाडा, टिग नोटारो, राउल कैस्टिलो, हुमा कुरैशी और गैरेट डिलाहंट शामिल हैं। अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप' में नजर आएंगी। गैंगस्टर एक्शन-ड्रामा है, जिसे गीतु मोहनदास ने डायरेक्ट किया है। यश ने खुद स्क्रिप्ट लिखी है और लीड रोल में हैं। फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया अहम किरदारों में नजर आएंगी। फिल्म की रिलीज पहले 19 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन केवियन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंज क्रिएशंस ने अपने प्रमुख डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर 'फार्स फिल्म्स' के परामर्श पर इसे वैश्विक स्तर पर स्थगित कर दिया था। अब फिल्म को 4 जून 2026 को प्रदर्शित किया जाएगा।



**फिल्म इंडस्ट्री में समय के साथ कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां एक ओर बड़े बजट की फिल्मों का दबदबा बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कंटेंट आधारित सिनेमा और मजबूत कहानियों की जगह को लेकर भी बहस जारी है। खासकर महिलाओं पर केंद्रित कहानियों को लेकर यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या मेनस्ट्रीम सिनेमा में उनके लिए जगह कम होती जा रही है। इसी मुद्दे पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने खुलकर अपनी राय रखी है।**

मेनस्ट्रीम सिनेमा में घट रही महिलाओं की कहानियां

# ओटीटी ने दिए नए मौके : भूमि

भूमि पेडनेकर ने कहा, ''मुझे लगता है कि बड़े पर्दे पर महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियां धीरे-धीरे कम हो रही हैं। पहले की तुलना में अब ऐसी फिल्में कम बन रही हैं, जिनमें महिला किरदार कहानी का केंद्र हों। यह बदलाव निराशाजनक है, क्योंकि महिलाओं की कहानियां समाज को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाती हैं।'' भूमि ने अपने करियर की शुरुआत का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार चुनने की कोशिश की है। उन्होंने 2015 में फिल्म 'दम लगा के हईशा' से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने लगातार ऐसी फिल्मों में काम किया, जो समाज से जुड़े मुद्दों को सामने लाती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। उन्होंने आगे कहा, ''भले ही मेनस्ट्रीम सिनेमा में महिलाओं की कहानियों की संख्या कम हो रही हो, लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म इस कमी को काफी हद तक पूरा कर रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर महिलाओं को ज्यादा मजबूत और अलग तरह के किरदार निभाने का मौका मिल रहा है। यहां की कहानियां ज्यादा वास्तविक और साहसी होती हैं, जो अभिनेत्रियों को अपने अभिनय का पूरा दायरा दिखाने का अवसर देती हैं। भूमि पेडनेकर ने कहा, ''महिलाएं हमेशा से ही अपने किरदारों के चुनाव में बहादुर रही हैं। वे ऐसे रोल्स चुनती हैं जो सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि समाज को कुछ नया सोचने के लिए प्रेरित करें. । ओटीटी प्लेटफॉर्म इस तरह के प्रयोगों के लिए सही जगह बनकर उभरा है, जहां कलाकार बिना किसी बंधन के अपने काम को बेहतर तरीके से पेश कर सकते हैं।

# आईपीएल 2026 : सीएसके पर जीत के बाद पंजाब किंग्स को झटका, धीमी ओवर गति के कारण श्रेयस अय्यर पर जुमार्ना

एजेंसी

**चेन्नई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 7 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले के दौरान टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण उन पर जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ा है, यह पंजाब किंग्स का इस सीजन का दूसरा अपराध था। इसके चलते श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी कार्रवाई करते हुए या तो 6 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुमार्ना लगाया गया है। शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 210 रनों के मुश्किल लक्ष्य को 18.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम ने 8 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में पंजाब की लगातार दूसरी जीत है, जिससे अंक तालिका में उसकी स्थिति मजबूत हुई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 50 रन बनाकर पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर प्रियांश आर्य ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक शुरूआत ने मैच का रुख पंजाब की ओर मोड़ दिया। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, प्रमुख गेंदबाज मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी टीम को भारी पड़ी और गेंदबाज लक्ष्य का बचाव करने में असफल रहे।

पंजाब किंग्स की ओर से विजयकुमार वैशाख ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किए। उनकी गेंदबाजी ने सीएसके के स्कोर को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। जीत के बावजूद धीमी ओवर-रेट के कारण हुई कार्रवाई ने पंजाब किंग्स के जश्न को थोड़ा फीका जरूर कर दिया, लेकिन टीम का प्रदर्शन इस मुकाबले में शानदार रहा।



# गरीब एवं मध्यम वर्ग को बेहतर यात्रा सुविधा देना रेलवे की प्राथमिकता : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब और मध्यम वर्ग को सुरक्षित, सुलभ और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया।



**यात्री सुविधाओं में सुधार और स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित धन का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश**

मंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन जनता के सामने भारतीय रेलवे का चेहरा होते हैं, इसलिए उनकी साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधाओं में सुधार और स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित धन का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए।

रेल भवन में देशभर के रेलवे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए वैष्णव ने रेलवे परिवार को पिछले वर्ष के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने रेल दुर्घटनाओं में ऐतिहासिक कमी, रिकॉर्ड माल ढुलाई और त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनों के सफल संचालन को भारतीय रेलवे की छवि में सुधार का प्रमुख कारण बताया।

भीड़ प्रबंधन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विशेषकर त्योहारों के समय यात्रियों को बिना किसी असुविधा के प्लेटफॉर्म तक पहुंचने और ट्रेन में सवार होने की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने यात्री सुविधा और पहुंच को बेहतर बनाने के लिए योजनाओं को प्राथमिकता देने को कहा।

बैठक में रेलवे परियोजनाओं के लिए लंबित भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को प्रक्रिया तेज करने और आवश्यक होने पर राज्यों के अनुभवी सेवानिवृत्त अधिकारियों की सहायता लेने का निर्देश दिया।

रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर वैष्णव ने कहा कि किसी की आजीविका प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जहां संभव हो, रेलवे ट्रैक पार करने के लिए फुट ओवरब्रिज की बजाय सुविधाजनक और सुलभ अंडरपास (पुलिया) को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि अंडरपास अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल होते हैं और आम जनता के लिए ज्यादा उपयोगी साबित होंगे।

देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे अंडरपास के निर्माण के लिए पायलट परियोजनाएं शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। इनका डिजाइन पैदल यात्रियों के साथ-साथ साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल और कुछ स्थानों पर ट्रैक्टर जैसे वाहनों की आवाजाही को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।

मंत्री ने ट्रेनों की समयपालन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोनों की सराहना करते हुए कहा कि 85 प्रतिशत से अधिक समयपालन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उल्लेखनीय उपलब्धि है।

उन्होंने विश्वास जताया कि सतत प्रयास, बेहतर योजना और यात्री-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से भारतीय रेलवे देशभर में सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता और यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाता रहेगा।

# रिजर्व बैंक ने आरबीएल बैंक के अधिग्रहण के लिए एमिरेट्स एनबीडी बैंक को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने दुबई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद बैंक को सब्सिडी मॉडल के तहत विदेशी बैंक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।




आरबीएल बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने यह मंजूरी एक अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दूसरे सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में 60 फीसदी की हिस्सेदारी करीब 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का प्रस्ताव पेश किया था, जिसके बाद यह मंजूरी दी गई है।

आरबीआई की मंजूरी पत्र के अनुसार एमिरेट्स एनबीडी (ईएनबीडी) को आरबीएल बैंक की चुकता पूंजी का कम से कम 51 फीसदी हिस्सा बनाए रखना होगा। रिजर्व बैंक ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अधीन ईएनबीडी को आरबीएल बैंक का प्रवर्तक वर्गीकृत करने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई है, लेकिन कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 12(2) के तहत ईएनबीडी के मताधिकार को आरबीएल बैंक के कुल मतदान अधिकारों के 26 फीसदी तक सीमित रखा जाएगा।

ईएनबीडी को 'सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस' की शर्त से अस्थायी छूट दी गई है, जब तक कि भारत में उसकी शाखाओं का आरबीएल बैंक के साथ विलय नहीं हो जाता या अधिकतम एक वर्ष की अवधि पूरी नहीं हो जाती। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह मंजूरी भारत सरकार से 49 प्रतिशत से अधिक निवेश के लिए आवश्यक स्वीकृति, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999, सेबी नियमों तथा अन्य लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी। इस प्रस्तावित सौदे को अभी अन्य नियामकीय मंजूरियां और 18 अक्टूबर, 2025 को निवेशक एवं बैंक के बीच हुए निवेश समझौते में उल्लिखित शर्तों को भी पूरा करना होगा। इससे पहले जनवरी में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने भी एमिरेट्स एनबीडी बैंक के आरबीएल बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि ऐसे बैंक पर पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान लागू होंगे। हालांकि, निदेशक मंडल बैठकों में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की शर्त इस पर लागू नहीं होगी। बैंक को अपने 'आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेने को कहा गया है और बैंक इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा।

## मप्रः राज्यपाल पटेल आज खण्डवा और खरगोन जिले के प्रवास पर

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज शनिवार को खंडवा और खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां जननायक टंट्या भीड़ की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, भोपाल से रवाना होकर प्रातः 10.15 बजे खण्डवा जिले के पंधाना विकासखंड के ग्राम बड़ौदा अहीर पहुंचेंगे। वे यहां प्रातः 11 बजे जननायक टंट्या भील के स्मारक पर पूजन करेंगे तथा प्रातः 11:30 बजे टंट्या भील के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को सिकल सेल कार्ड और आयुष्मान कार्ड वितरित करेंगे। राज्यपाल पटेल दोपहर 12:30 बजे से स्थानीय विद्यार्थियों के साथ संवाद कर मध्यान्ह भोजन करेंगे और दोपहर 1.15 बजे हेलीपैड से खरगोन के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल पटेल दोपहर 1.45 बजे खरगोन आएंगे। आगमन के पश्चात राज्यपाल दोपहर 1.50 बजे कार द्वारा सनावद रोड स्थित रक्षा अस्पताल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 2 बजे रक्षा अस्पताल पहुँचेंगे। यहाँ वे दोपहर 2 बजे से 3.40 बजे तक सिकल सेल यूनिट का लोकार्पण करेंगे एवं सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल पटेल दोपहर 3.40 बजे हेलिपैड खरगोन से मांडव के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल पटेल के इस प्रवास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

# भारत के रास्ते खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले नेपाली नागरिकों को दिल्ली से मिलेगा एनओसी




एजेंसी

**काठमांडू :** भारत के रास्ते पश्चिम एशियाई देशों में जाने के इच्छुक नेपाली नागरिकों को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी करने के लिए नई दिल्ली के नेपाली दूतावास को निर्देश दिया गया है।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह निर्णय विदेश सचिव अमृत राई के संयोजकत्व में गठित इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम की चौथी बैठक में लिया गया।

विदेश मंत्रालय के पश्चिम एशिया और अफ्रीका महाशाखा प्रमुख रामकाजी खड़का ने कहा कि भारतीय हवाई अड्डों का उपयोग करके पश्चिम एशिया के गंतव्य देशों में जाने वाले नेपाली नागरिकों को दिल्ली से एनओसी मिलेगा। संबंधित देश का वैध वीजा या पुनः प्रवेश (री-एंट्री) वीजा और पहचान पत्र (आईडी कार्ड) प्रस्तुत करने पर उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी करने के लिए नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास को निर्देश दिया गया है।

दरअसल, खाड़ी देशों में युद्ध की स्थिति होने के कारण अधिकांश विमानों की उड़ान रद्द हो गई हैं, जिससे हजारों की संख्या में नेपाली नागरिक काठमांडू में फंसे हुए हैं। रोजगार के सिलसिले में खाड़ी देश जाने वाले नेपाली नागरिकों की सुविधा के लिए यह फैसला किया गया है।

# कर्नाटक देशभर में प्रति व्यक्ति आय में नंबर वन और कर संग्रह में द्वितीय: सिद्धारमैया

एजेंसी

**बागलकोट :** प्रदेश के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में कर्नाटक देश में पहले स्थान पर और कर संग्रह में दूसरे स्थान पर है। इन उपलब्धियों के आधार पर हम कह सकते हैं कि आज देश को कांग्रेस पार्टी की आवश्यकता है।

बागलकोट जिले के बेविनमट्टी गांव में आयोजित उपचुनाव में प्रचार सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य की आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस सरकार के कामकाज का बचाव किया। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में कर्नाटक देश में पहले स्थान पर है। इसके अलावा कर संग्रह के मामले में भी कर्नाटक देश में दूसरे स्थान पर है और इन उपलब्धियों को देखते हुए जनता को कांग्रेस का समर्थन करना चाहिए।



मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सत्ता में रहते हुए विकास कार्य नहीं किए और अब कांग्रेस सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है। राज्य के कर्ज को लेकर भाजपा की आलोचना पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय प्रबंधन के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की अवैज्ञानिक नीतियों के कारण राज्य को मिलने वाला जीएसटी का हिस्सा कम हुआ है, जिससे लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने गारंटी योजनाओं और विकास कार्यों को जारी रखा है।

हाल ही में हुए उपचुनावों में कांग्रेस की जीत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में भी कांग्रेस को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में भी राज्य में कांग्रेस की सरकार दोबारा सत्ता में आएगी।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच पाकिस्तान में सिंध व पंजाब की सरकारों ने सब्सिडी की घोषणा की

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पेट्रोल और डीज़ल की आसमान छूती कीमतों के बीच सिंध और पंजाब की सरकारों ने आम जनता को राहत देने के लिए बड़े सब्सिडी पैकेज का ऐलान किया है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह द्वारा घोषित इन योजनाओं में किसानों, मोटरसाइकिल चालकों और परिवहन क्षेत्र के लिए सीधे आर्थिक लाभ शामिल हैं, जबकि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए भी अहम फैसले लिए गए हैं। बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट के दबाव के बीच इन कदमों को आर्थिक राहत के तौर पर देखा जा रहा है।




जिओ न्यूज और अन्य मीडिया रिपोर्टस के अनुसार पेट्रोलियम की कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी के जवाब में सिंध और पंजाब की सरकारों ने नागरिकों पर बोझ कम करने और बढ़ती कीमतों के असर को कम करने के उद्देश्य से बड़े राहत उपायों की घोषणा की है।

पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के राष्ट्रीय मितव्ययिता और बचत कार्यक्रम के तहत राहत पैकेज पेश किया। इस पैकेज के हिस्से के तौर पर पूरे प्रांत में सभी ऑरेंज लाइन ट्रेन, मेट्रो बस, स्पीडो और ग्रीन इलेक्ट्रिक बस से मुफ़्त यात्रा की घोषणा की है। इसके अलावा किसानों को प्रति एकड़ 100 रुपया प्रति लीटर डीजल पर सब्सिडी दी जाएगी। वहीं, बाइक चलाने वालों को भी हर 20 लीटर पेट्रोल पर 100 रुपये का फ़ायदा मिलेगा।

मरियम ने नागरिकों से मौजूदा संकट में निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए 15 दिनों के भीतर अपनी मोटरसाइकिलों को अपने नाम पर रजिस्टर करवा लें।

## मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, हालत गंभीर

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र में बीती रात शुक्रवार को एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रेलवे पावर हाउस के पास विकास वैली रिसॉर्ट के सामने डीएफसी लाइन पर हुआ। घायल युवक की पहचान फकीरे का पुरवा निवासी राजपाल पुत्र राम नरेश के रूप में हुई है। हादसे में उसका दायां पैर और हाथ का पंजा कट गया। जानकारी के अनुसार युवक राजपाल रेलवे लाइन पार कर रहे थे, तभी डीएफसी लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि वह ट्रेन का हॉर्न नहीं सुन पाए। घटना के चलते मालगाड़ी करीब 15 मिनट तक पूर्वी आउटर पर खड़ी रही, जिससे रेलवे यातायात प्रभावित हुआ। वह किसी काम से दिबियापुर आए हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही एसआई अरविंद अग्रवाल और सिपाही अर्जुन सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर में भर्ती कराया। एसआई अरविंद अग्रवाल ने बताया कि घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज चिचौली रेफर कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कालभैरव व बाबा विश्वनाथ की चौखट पर टेका मत्था

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शनिवार को काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। दोनों मंदिरों में विधि विधान से दर्शन पूजन कर मुख्यमंत्री ने देश-प्रदेश में लोक कल्याण और सुख शान्ति की कामना की। मुख्यमंत्री के दौरे की शुरूआत बाबा काल भैरव के दर्शन से हुई। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने पूरी श्रद्धा के साथ काल भैरव के विग्रह की प्रदक्षिणा और आरती मंत्रोच्चार के बीच की। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद मंदिर परिसर में मौजूद बच्चों को देख मुख्यमंत्री ने उनसे आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें दुलार भी किया। इसके बाद वे श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री



को देखकर श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के उद्घोष से उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन करते रहे। इसके बाद उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया। इस दौरान मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान रहा। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री 'स्कूल चलो अभियान' की शुरूआत करेंगे। इसका जीवंत प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पांच निपुण बच्चे, पांच निपुण विद्यालय व पांच नव प्रवेशी बच्चों को सम्मानित करेंगे। यहां वे बच्चों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे इसके बाद बच्चों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक प्रबंध किया गया है।

## नेपाल : मकवानपुर में ट्रक पलटने से त्रिभुवन राजपथ अवरुद्ध

**काठमांडू :** नेपाल में मकवानपुर के थाहा नगरपालिकाझ्12 टिस्टुड स्थित त्रिभुवन राजपथ पर बीती रात लगभग डेढ़ बजे ट्रक (बा.प्र.03झ001 ख 1750) पलटने से पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। यह ट्रक काठमांडू से हेटौंडा की ओर जा रहा था। जिला पुलिस कार्यालय मकवानपुर के अनुसार, ट्रक आगे दाहिने हिस्से का पट्टा (मैकेनिकल हिस्सा) टूटने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।इस दुर्घटना में ट्रक चालक धादिंग के बेनिघाट मौवाखोला निवासी लगभग 27 वर्षीय ध्रुब घले घायल हो गए।। ट्रक से कूदने के दौरान उनके दाहिने पैर के तलवे में चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिए पालुङ अस्पताल भेजा गया है। मकवानपुर पुलिस के प्रवक्ता डीएसपी पुष्कर बोगटी ने जानकारी दी कि सड़क खोलने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के अभी भी घटनास्थल पर ही होने के कारण यातायात पूरी तरह बाधित है। सड़क बंद होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

# मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भोपाल-ग्वालियर सहित 45 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

- ✔ कुछ जगह ओले गिरने की भी संभावना, 7 अप्रैल तक एक्टिव रहेंगे चक्रवाती सिस्टम

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन और टर्फ सिस्टम के असर से प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। शुक्रवार को 20 से अधिक जिलों में इसका असर देखा गया।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, प्रदेश के मध्य हिस्से से एक टर्फ लाइन गुजर रही है, जबकि दूसरी ऊपरी स्तर पर सक्रिय है। इसके साथ ही पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में दो चक्रवाती सिस्टम भी बने हुए हैं। इन सभी



सिस्टम के संयुक्त प्रभाव से रोजाना 30 से 35 जिलों में मौसम बदल रहा है। शनिवार को जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में ओले-बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, विदिशा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा, सतना, मैहर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रह सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले चार दिनों यानी 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी चलने की संभावना है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में यह 30 से 40 किमी प्रतिघंटा रहेगी। 7 अप्रैल से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी सक्रिय होने वाला है, जिससे 10 अप्रैल तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं आंधी तो कहीं बारिश का असर बना रह सकता है। हालांकि, इसके बाद मौसम साफ होने लगेगा और गर्मी तेजी से बढ़ेगी। अप्रैल के दूसरे सप्ताह से तापमान में तेज बढ़ोतरी होगी, जबकि महीने के अंत तक ग्वालियर, धार, खरगोन और खजुराहो जैसे इलाकों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। प्रदेश के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में गर्म हवाओं के कारण भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है।

# चुनाव 26: नाराय  ागढ़ में भाजपा की सभा, शुभेंदु अधिकारी बोले-एकजुट होकर लड़ें चुनाव

एजेंसी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर के विभिन्न विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार के दौरान नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बेलदा स्थित गौरांग राइस मिल मैदान में शुक्रवार देर शाम भाजपा प्रत्याशी रमाप्रसाद गिरी के समर्थन में आयोजित एक विशाल कार्यकर्ता सभा में राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि सत्तारूढ़ दल के भीतर चल रहा गुटीय संघर्ष ही आगामी चुनाव में भाजपा की जीत का रास्ता साफ करेगा।

सभा में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आंतरिक मतभेद भुलाकर एकजुट होकर चुनाव



लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनावी मैदान में संगठन की एकता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी होगी। अपने भाषण की शुरुआत में उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरिज आफताब की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि पिछले छह वर्षों में राज्य में निष्पक्ष चुनाव नहीं होने दिए गए और सीसीटीवी कैमरे बंद कर ह्यछप्पा वोटह्व की संस्कृति बनाई गई। हालांकि उन्होंने कहा कि इस बार परिस्थितियां बदली हुई हैं और केंद्रीय बलों की निगरानी में निष्पक्ष मतदान होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने उन पर पूरा भरोसा जताया है। नंदीग्राम को बनाए रखने के साथ-साथ भवानीपुर में भी उम्मीदवार उतारने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री को दूसरी बार हराने का जो अवसर मिला है, उसे वह सफल बनाएंगे और इस बार एक भी वोट इधर-उधर नहीं होने दिया जाएगा।

दांतन और आसपास के क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल नेतृत्व ने आदिवासी और कुर्मी समुदाय के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश की, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपये और आंदोलनकारियों के लिए ह्यसंघर्ष भत्ताह्व देने की व्यवस्था की जाएगी।

सभा के अंत में उन्होंने कहा कि शनिवार को वे पश्चिम मेदिनीपुर में उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने के उपस्थित रहेंगे ।वहीं खड़गपुर में भी दिलीप घोष के नामांकन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शुभेंदु अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

सभा के अंत में उन्होंने बताया कि शनिवार को वह पश्चिम मेदिनीपुर में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने के कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। साथ ही खड़गपुर में भाजपा प्रत्याशी दिलीप घोष के नामांकन के अवसर पर के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## डॉ ऋषभ सिन्हा के बेहतर और उत्कृष्ट कार्य से विभाग को मिली है भरपूर विकास गति



**बिनय मिश्रा :** दक्षिण पूर्व रेलवे को सर्वाधिक राजस्व संग्रहण कर हमेशा कीर्तिमान बनाने वाला चक्रधरपुर रेल मंडल पदस्थापित सीनियर डी पी ओ डॉ ऋषभ सिन्हा ( आई आर पी एस ) ने 28 अगस्त 2023 को वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। अपने पदस्थापना काल के पश्चात से श्री सिन्हा ने अपने विभाग अधीन कार्यों को बेहतर, उत्कृष्ट और सुगम बनाया जो इनकी बेहतर कार्य प्रणाली का सूचक है। श्री सिन्हा हमेशा अपने दायित्व और कर्तव्य का बेहतर समन्वय के साथ कार्यों के प्रति जवाबदेही का निर्वहन कर विभाग को एक सशक्त पहचान दिलाई। शिक्षा के प्रति हमेशा बेहतर व्यवस्था को भी इन्होंने हमेशा प्रमुखता दी है इसके अलावा विभाग अधीन सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ साथ लोगों के लिए काफी उपयोगी और कारगर बनाया। ऐसे सीनियर डी पी ओ से विभाग और रेल मंडल गौरवान्वित है और ऐसे अधिकारी पर सबको नाज भी है।

## रजरप्पा मंदिर क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, 254 दुकानदारों को अल्टीमेटम



**रामगढ़ :** जिले में अवस्थित देश का प्रसिद्ध सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर परिसर में अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है. डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निदेर्शानुसार गुरुवार शाम अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के नेतृत्व में मंदिर परिसर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया.

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने इससे पहले 25 मार्च 2026 को कुल 254 दुकानदारों को चिन्हित किया था. जिसके बाद उन सभी दुकानदारों को 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने और अपनी दुकानें खाली करने का स्पष्ट नोटिस जारी किया था. प्रशासन का उद्देश्य मंदिर परिसर को व्यवस्थित, स्वच्छ और श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाना है.

प्रशासन ने लोगों से की सहयोग की अपील

इसी कड़ी में गुरुवार देर शाम एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार और अंचल अधिकारी चितरपुर दीपक मिंज के साथ पूरे रजरप्पा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों, रेस्टोरेंट संचालकों और मंदिर के पुजारियों से बातचीत कर उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी दी और सहयोग की अपील की.

अतिक्रमण हटाने से श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधाः प्रशासन

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के द्वारा एक बैठक भी आयोजित की गई. जिसमें अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया, समय-सीमा और भविष्य की व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. मामले को लेकर एसडीओ अनुराग तिवारी ने बताया कि अतिक्रमण हटने से न सिर्फ मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी.

## सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों का हड़ताल 6 अप्रैल से

**जमशेदपुर :** जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क के बैनर तले जूनियर डॉक्टरों द्वारा सोमवार से हड़ताल किया जाएगा। हालांकि इसमें इमरजेंसी सेवा बाधित नहीं होगी। जूनियर डॉक्टर्स ने बताया उन लोगों ने पहले से ही स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को जानकारी दे दी थी कि वे लोग 6 अप्रैल से हड़ताल पर जाएंगे। संगठन जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क द्वारा सिर्फ एमजीएम ही नहीं बल्कि राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में यह हड़ताल होगा। इस हड़ताल के कारण ओपीडी सहित आईपीडी भी प्रभावित होगा।

## संताली कवि फागू बास्के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित

**जमशेदपुर :** संताली साहित्यकार फागू बास्के को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित श्री राम सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें चर्चित कविता संग्रह 'आड़ा सांव इञ' के लिए प्रदान किया गया है। फागू को पुरस्कार स्वरूप एक स्मृति चिह्न और सम्मान राशि भेंट की गई। चयन समिति ने बास्के की कविताओं में मौजूद नवीनता और संताली भाषा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए इसे युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बताया। उन्होंने 'आड़ा सांव इञ' को संताली पहचान और अस्मिता को वैश्विक पटल पर मजबूती से रखने का एक सशक्त प्रयास भी बताया। फागू बास्के ने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि से कहीं अधिक उनकी मातृभाषा और उस मिट्टी का सम्मान है जिससे उनकी कलम को ऊर्जा मिलती है। वे झाड़ग्राम के मूल निवासी हैं।

## हीट स्ट्रोक से बचाव पर चाकुलिया और बहरागोड़ा में कार्यशाला

**जमशेदपुर :** महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. असद ने गुरुवार को चाकुलिया व बहरागोड़ा की ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में स्वास्थ्यकर्मियों को हीट स्ट्रोक एवं अन्य बीमारियों से बचाव और मरीजों की जांच और इलाज का प्रशिक्षण दिया। ब्लॉक हेल्थ यूनिट की कार्यशाला में जमशेदपुर सर्विलांस टीम के सुशील कुमार तिवारी और दीपक कुमार यादव समेत अन्य ने भाग लिया। डॉ. असद ने स्वास्थ्यकर्मियों को बीमारियों व मरीजों की स्थिति पर नजर रखने के लिए सर्विलांस की विधि बताई, ताकि एक से ज्यादा लोगों के किसी बीमारी (चिकन पॉक्स, डायरिया व अन्य) के चपेट में आने पर अन्य की सुरक्षा हो सके। इधर, घाघीडीह बस्ती में चिकन पॉक्स से पीड़ित मरीजों की स्थिति पर दूसरे दिन भी सर्विलांस टीम की नजर थी।

### पलामू को मिली बड़ी सौगात

# डालटनगंज से मुंबई के लिए साप्ताहिक सीधी ट्रेन अब नियमित



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए डालटनगंज एवं गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन सेवा को अब नियमित संचालन की स्वीकृति मिल गई है। धनबादझ्लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13379/13380), जो पहले स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जा रही थी, अब साप्ताहिक नियमित ट्रेन के रूप में चलेगी।

इस उपलब्धि के पीछे पलामू के माननीय सांसद विष्णु दयाल राम के निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने इस ट्रेन के नियमित परिचालन के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखने के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी अनुरोध किया था।

रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद इस ट्रेन के नियमित संचालन का शुभारंभ 7 अप्रैल 2026 को प्रातः 4:30 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे।

इस ऐतिहासिक मौके पर क्षेत्र की जनता एवं कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। साथ ही इस उपलब्धि के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू की जनता ने आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। यह नई रेल सेवा पलामू क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार, शिक्षा और इलाज के उद्देश्य से मुंबई जाने-आने में बड़ी सुविधा प्रदान करेगी।

### स्व. अश्विनी कुमार महतो ग्रामीण कला एवं खेल महोत्सव

## प्रभात प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया



**संवाददाता**

मरधान पंचायत क्षेत्र में आयोजित स्व. अश्विनी कुमार महतो ग्रामीण कला एवं खेल महोत्सव के दौरान एक विशेष प्रभात प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक मनीष महतो ने बताया कि यह सम्मान राजकीय मध्य विद्यालय डोमोडीह की छात्रा सुलेखा कुमारी को दिया गया, जिन्होंने क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए खो-खो खेल में राज्य स्तर तक पहुंचकर उपलब्धि हासिल की है।

कार्यक्रम में यह सम्मान झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो के हाथों प्रदान किया गया। सम्मान पाकर छात्रा सुलेखा कुमारी तथा उनके विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल देखा गया।

आयोजक मनीष महतो ने कहा कि डोमोडीह विद्यालय के शिक्षक खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही छात्र-छात्राएं खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और क्षेत्र का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के सम्मान से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रेरणा मिलेगी और वे खेल व कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होंगे।

## नियुक्ति शर्त पूरा नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम में ऐसे 18 शिक्षक हैं जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाताझारखंड में बीएड सत्र 2015-2017 के दौरान कथित तौर पर अवैध रूप से नियुक्त हुए टीजीटी शिक्षकों की मुश्किलें अब बढ़ सकती हैं। अवैध नियुक्ति के आरोपों के बाद सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के सचिव के अनुमोदन के बाद सरकार के अवर सचिव ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को पत्र निर्गत करने का आदेश दिया है, जिसमें राज्य स्तर पर ऐसे सभी अवैध शिक्षकों का वेतन तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश देने को कहा गया है।बताया जाता है कि पूरा मामला नियुक्ति नियमावली और विज्ञापन की शर्तों के उल्लंघन से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2016 में निकले शिक्षक नियुक्ति के विज्ञापन में 25 अप्रैल 2017 तक बीएड पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए योग्य माना गया था। लेकिन इस नियुक्ति प्रक्रिया में कई ऐसे शिक्षक नियुक्त कर लिए गए, जो नियुक्ति शर्तों के तहत निर्धारित तिथि 25 अप्रैल 2017 तक अभ्यर्थियों का शैक्षणिक प्रशिक्षण पूर्ण नहीं कर पाए थे। अब ऐसे शिक्षकों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अकेले पूर्वी सिंहभूम में ऐसे 18 शिक्षक हैं। अनियमितता का आरोप जमशेदपुर के पारडीह निवासी कार्तिक चन्द्र साव ने लगाया था और इसे लेकर विभागीय कार्रवाई के लिए विभाग को कई पत्र लिखे थे। कार्तिक साव ने जुलाई 2024 में सर्वप्रथम इस मुद्दे को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया था। जांच होने के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए कोल्हान प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक (आरडीडीई) की जांच रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। विभाग ने स्पष्ट किया कि नियुक्ति शर्तों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं है। कार्मिक विभाग ने पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद वेतन रोकने का निर्देश जारी किया है।

## जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने किया धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण

**संवाददाता**

**धनबाद :** जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने शुक्रवार को धनबाद के मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान आईजी ने सुरक्षा इंतजाम, कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं और जेल मैन्युअल की गहराई से समीक्षा की.



जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से मुआयना किया. बैरकों से लेकर सुरक्षा चौकियों, मुख्य गेट और निगरानी प्रणाली तक हर पहलू की जांच करते हुए उन्होंने अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

इस दौरान उन्होंने जेल में तैनात सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी, सीसीटीवी सिस्टम की कार्यक्षमता, आवागमन की व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों का भी आकलन किया. साथ ही कैदियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं जैसे भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा और साफ-सफाई की स्थिति की भी जानकारी ली.

जेल की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहींः आईजी

जेल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में आईजी ने कहा कि जेल की सुरक्षा बेहद संवेदनशील जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही गंभीर परिणाम दे सकती है. उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं जेल मैन्युअल के अनुरूप संचालित हों और कैदियों के अधिकारों का पूरा ध्यान रखा जाए.

मुलाकातियों को न हो कोई परेशानी

उन्होंने मुलाकात व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि कैदियों से मिलने आने वाले परिजनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए भी जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं. साथ ही निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई, किचन और भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई. आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जेल परिसर में स्वच्छता बनाए रखते हुए कैदियों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए.

जेल की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर

अंत में आईजी सुदर्शन मंडल ने अधिकारियों को सभी निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है. उन्होंने कहा कि नियमित निगरानी और अनुशासन के जरिए ही जेल की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है. इस औचक निरीक्षण को जेल प्रशासन के लिए एक सख्त निर्देश के रूप में देखा जा रहा है.

## गर्मी से होने वाली बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग में सतर्कता

**जमशेदपुर :** जिला स्वास्थ्य विभाग में गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव में सतर्कता शुरू हो गई। स्वास्थ्य मुख्यालय ने पत्र भेजकर गर्मी में मरीज बढ़ने की आशंका जताई है। इससे जिले के सभी अस्पतालों और नर्सिंग होम को हीट स्ट्रोक से बचाव का उपाय करने का आदेश दिया गया है, जबकि सर्विलांस टीम को अस्पतालों की व्यवस्था और मरीजों की स्थिति पर नजर रखना होगा। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, गर्मी से बचाव के प्रति जागरूकता अभियान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलना चाहिए, ताकि लोग दिन में 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बेवजह घर से नहीं निकले। दरअसल, जमशेदपुर में लगातार मौसम बदलने से पारा 37 डिग्री से ज्यादा होने लगा है। पारा में उतार-चढ़ाव से मरीजों की संख्या एमजीएम एवं सदर अस्पताल में बढ़ी है। जानकारी के अनुसार, रोज 1000 मरीजों में 200 से ज्यादा दस्त, उल्टी, बुखार, सिर दर्द व चर्म रोग से परेशान लोगों की पर्ची बनती है। सदर अस्पताल में भी मौसमी बीमारी के मरीज बढ़े हैं। इधर, गर्मी बढ़ने पर सदर अस्पताल में मरीजों के लिए ओआरएस कॉर्नर बनेगा। वहीं, इमरजेंसी और वार्ड में कूलर लगाने की तैयारी है। सिविल सर्जन ने अनुमंडल अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों को गर्मी से पीड़ित के इलाज के लिए दवाइयां, स्लाइन, ओआरएस, इंजेक्शन व अन्य व्यवस्था पर जोर दिया। ऑब्जर्वेशन में केंद्र की क्षमता के अनुसार, 5-10 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है, ताकि गंभीर स्थिति के मरीजों को दिक्कत न हो।गर्मी से बचाव का उपायगर्मी में ज्यादातर लोग लापरवाही से बीमार पड़ते हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग ने बचाव में कई सुझाव दिया, ताकि लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में नहीं आए। बचाव के लिए हल्के और शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने, धूप में जाने से बचने, छाता या टोपी का इस्तेमाल करने, नींबू पानी या नारियल पानी का सेवन करने, हल्का-ताजा भोजन करने, मसालेदार भोजन से परहेज करने और खाली पेट धूप में नहीं निकलने का सुझाव दिया है।

## मेदिनीनगर में पुलिस का एक्शन, मुठभेड़ में कुख्यात फैज खान गिरफ्तार

**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गुरुवार रात हुए चर्चित हत्याकांड के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में पांकी-तरहसी सीमावर्ती इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें कुख्यात अपराधी फैज खान के पैर में गोली लग गई।

बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात पलामू के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित शताब्दी मार्केट में गुड्डु खलीफा उर्फ समीर खलीफा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में फैज खान समेत कई लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी।

इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फैज खान पांकी-तरहसी इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें फैज खान घायल हो गया।

घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से एक अन्य अपराधी को भी पकड़ा गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

एसपी रीष्मा रमेशन ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई छापेमारी के दौरान हुई है और आगे की जांच जारी है।

गौरतलब है कि फैज खान कई संगीन मामलों में वांछित रहा है। वर्ष 2012 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष लड्डु खान की हत्या के मामले में वह मुख्य आरोपी रहा है, इसके अलावा भी उस पर कई अन्य गंभीर आरोप दर्ज हैं।

## सुंडी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का मांग तेज किया जायेगा : रविंद्र

**संवाददाता**

**चक्रधरपुर/बंदगांव :** झारखंड प्रदेश, राष्ट्रीय सुंडी समाज के अध्यक्ष श्री रविंद्र मंडल ने राज्य सरकार से सुंडी जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने के लिए ऐतिहासिक तथ्यों और प्रमाणों के साथ पुरजोर अपील की है. श्री मंडल ने याद दिलाया कि सुंडी समाज का पिछड़ापन और इसकी मांग नई नहीं है, बल्कि समय-समय पर राज्य के दिग्गज नेताओं ने इसकी पैरवी की है.स्व. शिबू सोरेन जी ने 10 अप्रैल 2003 को झारखंड आंदोलन के मसीहा ने महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सुंडी जाति को एससी में शामिल करने की अनुशंसा की थी.स्टीफन मरांडी जी ने 8 अप्रैल 2003 को उन्होंने भी राष्ट्रपति महोदय से इस विषय पर विनम्र अनुरोध किया था.झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व सांसद सूरज मंडल ने 21 जून 1990 (पत्रांक 211/6) को तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर छोटानागपुर और संथाल परगना के सुंडी समाज के हक में आवाज उठाई थी.जयराम महतो (विधायक): हाल ही में विधानसभा में पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखंड के सुंडी समाज को भी अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रस्ताव रखा.अध्यक्ष रविंद्र मंडल ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से विशेष आग्रह किया है कि समाज के आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन को देखते हुए, और पूर्ववर्ती नेताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए, झारखंड के सुंडी समाज को अविलंब अनुसूचित जाति एससी में शामिल किया जाए. इससे यह समाज राज्य की मुख्यधारा से



जुड़कर अपना सर्वांगीण विकास कर सकेगा.उन्होंने झारखंड के समस्त सुंडी भाइयों, माताओं और बहनों को प्रणाम करते हुए एकजुट रहने की अपील की है ताकि समाज के हक की इस लड़ाई को तार्किक परिणति तक पहुँचाया जा सके.उन्होंने कहा आज हमारा समाज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है. वर्षों से हम अपनी पहचान और अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं. हमारे समाज का आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ापन किसी से छिपा नहीं है, और अब समय आ गया है कि हम अपनी मांगों को निर्णायक मोड़ तक पहुँचाएं.उन्होंने कहा इतिहास गवाह है कि हक उसी को मिला है जिसने एकजुट होकर आवाज उठाई है. चाहे स्व. शिबू सोरेन जी का समर्थन हो या वर्तमान में जयराम महतो जी द्वारा विधानसभा में उठाई गई आवाज–इन प्रयासों को तभी मजबूती मिलेगी जब पूरा झारखंडी सुंडी समाज एक स्वर में बात करेगा.हमें यह समझना होगा कि अनुसूचित जाति में शामिल होने की हमारी मांग केवल एक आरक्षण की मांग नहीं है, बल्कि यह हमारे अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई है. पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखंड में भी हमें हमारा हक मिलना ही चाहिए.पूर्वजों का संघर्ष, हमारा संकल्प और आने वाली पीढ़ी का उज्ज्वल भविष्य– यही हमारा एकमात्र लक्ष्य है. आइए, हम सब मिलकर राष्ट्रीय सुंडी समाज को एक नई ऊंचाई पर ले जाएं और समाज को राज्य की मुख्यधारा से जोड़ने के इस महायज्ञ में अपना योगदान दें.